पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 260 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 16 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बीजेपी की 'चुनावी गोटी', गोरखपुर से योगी

## पूर्वांचल से बिछेगी बिसात, फिर सब मात!

**लखनऊ/गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन की तारीख घोषित होने के बाद सभी राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर रहे हैं। कांग्रेस के सपा-रालोद गठबंधन और फिर बसपा की सूची आने के बाद सभी की निगाह उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की सूची पर लगी थी। भाजपा ने पहले चरण के 58 में से 57 तथा दूसरे चरण की 55 में से 48 सीट पर प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा ने अभी तक कुल 107 सीटों पर प्रत्याशी पर नाम घोषित किया है। भाजपा ने 105 टिकट में 63 विधायकों को दोबारा टिकट दिया है। इसके साथ इस बार 21 नए पार्टी प्रत्याशियों में युवा, महिला तथा डॉक्टर को जोड़ा गया है। भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा धमाका किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर पार्टी ने सभी अनुमान को फेल कर दिया है। उनको गोरखपुर शहर से प्रत्याशी बनाया गया है। माना जा रहा था कि पार्टी योगी आदित्यनाथ को रामनगरी अयोध्या ने चुनाव लड़ाएगी। भारतीय जनता पार्टी ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भी चुनाव के मैदान में उतार दिया है। केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में अपनी चिरपरिचित सिराथू से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। भारतीय जनता पार्टी नई दिल्ली में शनिवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मैदान में पहले तथा





दूसरे चरण के चुनाव में उतरने वाले प्रत्याशियों का नाम जारी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर शहरी (322) से भाजपा प्रत्याशी प्रत्याशी घोषित किया गया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रयागराज की सिराथू विधानसभा सीट (251) से भाजपा प्रत्याशी घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की सीट भी शनिवार को तय हो गई है। पहले सीएम योगी आदित्यनाथ को अयोध्या से उतारने की तैयारी थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि पहले तथा दूसरे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों के प्रत्याशियों की सूची आज जारी हो गई है।

### इसलिए योगी को भाजपा लड़ा रही है गोरखपुर से...

**गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर से चुनाव लड़ा कर भारतीय जनता पार्टी ने एक साथ कई निशाने साध लिए। गोरखपुर से चुनाव लड़ने पर योगी आदित्यनाथ न सिर्फ गोरखपुर बल्कि पूर्वांचल के तकरीबन 15 जिलों पर असर डालेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि अयोध्या, मथुरा और काशी के नाम पर भाजपा को जो माइलेज मिलना है वह योगी आदित्यनाथ के इन जगहों से चुनाव न लड़ने पर भी कमजोर नहीं होने वाला। बल्कि यह वह नाम है जिनके बल पर भाजपा दूसरी जगहों पर भी चुनाव जीत लेती है।

**भाजपा का पूर्वांचल पर सबसे ज्यादा फोकस:** शुरूआत से ही भाजपा का पूर्वांचल पर सबसे ज्यादा फोकस रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके अपने गढ़ गोरखपुर से विधानसभा चुनाव लड़ाने का एलान करके भाजपा ने वह सभी समीकरण साध लिए जिसके लिए वह शुरूआत से ही राजनीतिक गुणा-भाग लगा रही थी। उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की राजनीति को करीब से जानने वाले गोरखपुर के डॉक्टर हरगोविंद सिंह कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर से चुनाव लड़ने का असर यह होगा कि पूर्वांचल के ज्यादातर जिले उनके चुनाव लड़ने के नाम से ही 'भाजपा की टोन' के हिसाब से सेट हो जाएंगे। वह कहते हैं कि इस चुनाव में भाजपा को सिर्फ गोरखपुर ही नहीं बल्कि संतकबीर नगर, देवरिया, बस्ती, महाराजगंज, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, अंबेडकर नगर और सिद्धार्थनगर जैसे जिलों में और मजबूती मिलेगी।

उनका कहना है यही वह इलाके हैं जहां पर भाजपा के विरोधी दल मजबूती से न सिर्फ सक्रिय हैं बल्कि विधानसभा में उनकी सीटें भी हैं। डॉक्टर सिंह कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ के चुनाव लड़ने से न सिर्फ भाजपा का हिंदुत्ववादी एजेंडा सेट होगा बल्कि अपने पुराने गढ़ में चुनाव लड़ने के साथ-साथ पूरे उत्तर प्रदेश में उसी लय और वेग के साथ चुनाव प्रचार भी कर सकेंगे।

## मायावती ने जारी की 53 उम्मीदवारों की लिस्ट

**लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी ने यूपी विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 58 में से 53 सीटों के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। शनिवार को मायावती का जन्मदिन भी था। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाने का तोहफा मांगा है। उन्होंने कहा है कि कोविड काल में सभी कार्यकर्ता घर से ही मेरा जन्मदिन मना रहे हैं और वह अपने क्षेत्र में ही पार्टी के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताएं। इसके साथ ही 2007 की भांति बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनवाएं। वह शनिवार को राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने बीएसपी की ब्लू बुक मेरे संघर्षमय जीवन एवं बीएसपी मूवमेंट का सफरनामा भाग-17 और उसके अंग्रेजी संस्करण का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि बसपा किसी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। साथ ही बसपा को इस बार के विधानसभा चुनाव में फिर से जनता वापस जरूर लाएगी। इसके साथ ही पूर्व की भांति सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के आधार पर सरकार चलेगी। सारे ओपीनियन पोल व सर्वे फेल हो जाएंगे। उन्होंने प्रचार के लिए क्षेत्रों में न जाने को लेकर विपक्षियों द्वारा भ्रम फैलाने का आरोप लगाया साथ ही भतीजे आकाश आनंद को लेकर की जा रही तरह-तरह की बातों को भी षडयंत्र बताया। उन्होंने कहा कि आकाश धीरे-धीरे आगे आएंगे। यदि विरोधी आकाश आनंद के पीछे पड़ते हैं तो और वह उन्हें और बढ़ावा देंगी। यही नहीं उन्होंने महासचिव सतीश मिश्र के बेटे कपिल मिश्र द्वारा पार्टी में नौजवानों को जोड़कर किए जा रहे कामों की भी सराहना की। बसपा प्रमुख ने कहा कि यही नहीं पार्टी में बाकी पुराने लोगों की नयी पीढ़ी भी आगे आ रही है। उन्होंने कहा कि मेरा निजी परिवार नहीं है। दलित, गरीब, शोषित, पीड़ित ही मेरे परिजन हैं। पार्टियों में नेताओं की चल रही जोड़तोड़ पर कहा कि इसके लिए सख्त दल बदल विरोधी कानून बनना चाहिए।

**भाजपा का मास्टर प्लान**

107 में से 68 प्रतिशत सीटों में 44 पर ओबीसी

19 पर एससी और दस पर 10 महिलाओं को उतारा गया

सामान्य सीट पर भी अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को टिकट

भाजपा की सूची में युवा और नए चेहरों को भी जगह दी गयी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी

उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सिराथू, प्रयागराज से भाजपा प्रत्याशी

## पंजाब: कांग्रेस ने जारी की 86 उम्मीदवारों की पहली सूची

**चंडीगढ़**

कांग्रेस ने आगामी पंजाब चुनावों में 86 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। सीएम चरणजीत सिंह चन्नी चमकौर साहिब से चुनाव लड़ेंगे तो वहीं पंजाब कांग्रेस के प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू अमृतसर पूर्वी से मैदान में उतरेंगे। सोनू सूद की बहन मालविका सूद मोगा से चुनाव लड़ेंगी। मानसा से गायक सिद्धू मूसेवाला चुनाव मैदान में होंगे। प्रताप सिंह बाजवा कादियां से मैदान में उतरेंगे। अमित विज को पठानकोट और अरुणा चौधरी को दीनानगर से मैदान में उतारा गया है।



**अबोहर से सुनील जाखड़ के भतीजे को टिकट:** बलबीर सिद्धू मोहाली से मैदान में उतरेंगे वहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह के करीबी रहे कैप्टन संदीप संधू को दाखा से टिकट दिया गया है। मलोट से विधायक और विधानसभा के डिप्टी स्पीकर अजैब सिंह भट्टी की टिकट कट गई है। यहां से आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुई रुपिंदर कौर रुबी को टिकट दी गई है। अबोहर से सुनील जाखड़ के भतीजे संदीप जाखड़ को उम्मीदवार बनाया गया है। फिरोजपुर से परमिंदर पिंकी और जीरा से कुलबीर जीरा को टिकट दिया गया है। नाभा से साधु सिंह धर्मसोत, सुजानपुर से नरेश पुरी, गुरदासपुर से बरिंदरजीत सिंह पहाड़ा, श्री हरगोबिंदपुर से मंदीप सिंह, फतेहगढ़ चूड़ियां से तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा और डेरा बाबा नानक से सुखजिंदर सिंह रंधावा को मैदान में उतारा गया है।

## कोरोना: पिछले 24 घंटे में 2.67 लाख केस सामने आए

**नई दिल्ली**

देश में शुक्रवार को 2 लाख 67 हजार 331 नए कोरोना संक्रमित मिले। 1 लाख 22 हजार 311 लोग ठीक हुए जबकि 398 लोगों की मौत हुई। इस तरह एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 1 लाख 44 हजार 662 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। फिलहाल देश में 14.10 लाख एक्टिव केस हैं। तीसरी लहर में एक्टिव केस पहली बार 14 लाख के पार पहुंचा है। वहीं, नए संक्रमितों में महज 3 हजार की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इससे पहले गुरुवार को 2.64 लाख लोग



संक्रमित मिले थे। देश में अब तक कुल 3.68 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से 3.49 करोड़ लोग रिकवर हो चुके हैं। अब तक 4,85,748 लोगों की मौत हो चुकी है। कुल एक्टिव केस ने 31 दिसंबर को 1 लाख और 8 जनवरी को 5 लाख का आंकड़ा छुआ था।

## 22 जनवरी तक चुनावी रैलियों और रोड शो पर रोक

**नई दिल्ली**

देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच चुनाव आयोग ने 22 जनवरी तक मतदान वाले राज्यों में चुनावी रैलियों और रोड शो पर रोक लगा दी है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के चलते चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया है। जनसभाओं और रैलियों पर चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों को कुछ राहत दी है। अब इनडोर वाली जगहों पर अधिकतम 300 या कुल क्षमता के 50 फीसदी लोगों के साथ बैठकें आयोजित की जा सकेंगी। हालांकि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को हिदायत दी है कि कोविड प्रोटोकाल का इन सभाओं के दौरान कड़ाई से पालन करना होगा और आदर्श चुनाव आचार संहिता का भी उल्लंघन नहीं होना चाहिए। बता दें कि चुनाव आयोग ने आठ जनवरी को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम का एलान करते हुए महामारी के मद्देनजर 15 जनवरी तक रैलियों, रोड शो और नुक्कड़ सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## किसान फिर शुरू करेंगे आंदोलन

### सरकार ने कोई कमेटी नहीं बनाई, कोई संपर्क नहीं किया गया, रेलवे और दिल्ली के मुकदमें वापसी की कार्रवाई नहीं की गई

**कुंडली/सोनीपत**

हरियाणा के सोनीपत जिले के कुंडली क्षेत्र में किसान मोर्चा के कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी जुटे। किसानों की अहम बैठक हुई। बैठक में सभी 40 जत्थेबंदियों के प्रमुख शामिल रहे। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में किसान नेता युद्धबीर सिंह ने कहा कि सरकार ने जो वादे हमसे किए हैं उन पर समीक्षा की गई है। सरकार ने कोई कमेटी नहीं बनाई है। कोई संपर्क नहीं किया गया है। रेलवे और दिल्ली के मुकदमें वापसी की कार्रवाई नहीं की गई। सरकार ने हरियाणा को छोड़कर कहीं भी मुकदमें वापसी नहीं किए गए हैं। सरकार ने अब तक समझौते के अनुसार काम नहीं



किया है। इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा 31 जनवरी को पूरे देश में वायदा खिलाफी दिवस के रुप में सरकार का विरोध करेंगे। सभी शहरों में, कस्बों में जिला मुख्यालयों पर सरकार के पूतले जलाए जाएंगे। 1 फरवरी तक सरकार नहीं मानी तो मिशन यूपी व उत्तराखंड़ शुरू किया जाएगा। लखीमपुर केस में सरकार ने मंत्री को बर्खास्त नहीं किया है। सरकार का मंत्री पर एक्शन ना लेना दिखाता है कि सरकार वोट बैंक के चक्कर में उसे बचा रही है। हमारे साथियों को पर 302 लगाकर जेलों में डाला गया है, इसको लेकर तय किया है कि राकेश टिकैत 21 तारीख से तीन दिन का लखीमपुर खीरी दौरा करेंगे और अधिकारियों से बातचीत करेंगे। उसके बाद सुनवाई नहीं होती है तो लखीमपुर खीरी में मोर्चा लगाया जाएगा। साथ ही मजदूर संगठनों के 23 24 के आंदोलन में किसान उनका सहयोग करेंगे। चुनाव लड़ने वाले संगठनों पर कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा राजनीति से दूर है। हमारे साथियों का निणर्य जल्दबाजी का है। वो संगठन संयुक्त किसान मोर्चा के साथ नहीं रहेंगे। चार माह बाद हम इन संगठनों की समीक्षा करेंगे तब तक वो हमारा हिस्सा नहीं रहेंगे। गौरतलब है कि तीन कृषि कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर शुरू हुआ किसान आंदोलन दिल्ली के बॉर्डरों पर एक साल से अधिक चला। कानून वापसी होने के बाद किसानों ने कुछ अन्य मांगों पर सरकार से समझौता किया और आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा कर दी थी। किसानों ने एलान किया था।

## भारतीय सैनिकों को मिली नई डिजिटल पैटर्न वाली लड़ाकू वर्दी

**नई दिल्ली**

सेना दिवस पर भारतीय सैनिकों को नई डिजिटल पैटर्न वाली लड़ाकू वर्दी मिल गई। भारतीय सेना ने शनिवार को अपने सैनिकों के लिए नई वर्दी का अनावरण किया, जो हल्की और पर्यावरण के अनुकूल है। करियप्पा ग्राउंड में सेना दिवस की परेड में पहली बार नई वर्दी के साथ पैरा एसएफ सैनिक शामिल हुए। इस नई लड़ाकू पोशाक लाने का फैसला हाल ही में आयोजित सेना कमांडरों के सम्मेलन में लिया गया था। सेना की डिजिटल पैटर्न वाली अधिक आरामदेह नई लड़ाकू वर्दी को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) ने सेना के निकट समन्वय में डिजाइन किया है। 'डिजिटल' पैटर्न पर आधारित नई वर्दी सेना के लिए



मौजूदा पोशाक से पूरी तरह से अलग है। सैनिकों को वर्दी की नई शर्ट पतलून के अन्दर टक करने की आवश्यकता नहीं होगी। नई वर्दी का रंग प्रतिशत वर्तमान पोशाक की तरह जैतून और मिट्टी सहित रंगों का मिश्रण है। सैनिकों और अधिकारियों की सुविधा के लिए पतलून में अतिरिक्त जेबें होंगी। सेना की डिजिटल पैटर्न वाली अधिक आरामदेह नई लड़ाकू वर्दी को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) ने सेना के निकट समन्वय में डिजाइन किया है। सेना दिवस परेड में आज नई लड़ाकू वर्दी का अनावरण होने के बाद अब यह इसी साल से कई बैचों में अधिकारियों और सैनिकों को जारी की जाएगी। नई वर्दी में 15 पैटर्न, 8 डिजाइन, 4 फैब्रिक का विकल्प रखा गया है। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि नई डिजिटल लड़ाकू वर्दी (बीडीयू) के निर्माण और आपूर्ति के लिए निजी और राज्य के स्वामित्व वाली दोनों संस्थाओं की भागीदारी के साथ एक खुली निविदा की योजना है। अभी तक सैन्य अधिकारी और सैनिक बाजार से कपड़ा खरीदकर खुद ही वर्दी सिलवा सकते थे लेकिन अब नया डिजिटल पैटर्न वाला कपड़ा खुले बाजार में उपलब्ध नहीं होगा। यानी इस तरह की योजना बनाई गई है कि यह कपड़ा खुले बाजार में उपलब्ध न हो। निविदा प्रक्रिया के जरिये वर्दी को रेडीमेड कपड़ों की तरह विभिन्न आकारों में सिला जाएगा, जिसकी आपूर्ति बाद में विभिन्न इकाइयों और संरचनाओं को की जाएगी। रक्षा सूत्रों ने कहा कि लगभग 13 लाख सैनिकों वाली सेना के लिए वर्दी बनाने की निविदा प्रक्रिया निजी और सरकारी दोनों उद्यमों के लिए खुली रहेगी। सेना ने पहले ही केंद्रीय रक्षा और गृह मंत्रालय से कानून और व्यवस्था की स्थिति से निपटने के दौरान ।

## हरियाणा: बिना वैक्सीन बच्चों की स्कूल में नहीं मिलेगी एंट्री

**सोनीपत**

हरियाणा में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए बिना कोरोना रोधी टीका लगवाए स्कूलों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है कि जब भी स्कूल दौबारा खुलेंगे तब उन्हीं बच्चों को स्कूल में प्रवेश की अनुमति होगी जिन्होंने वैक्सीन लगवाई होगी। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया है कि सभी अपने बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगवाएं और कोरोना से बचाव को सुनिश्चित करें।

**26 जनवरी तक बंद हैं स्कूल:** कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने 26 जनवरी तक सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखने का फैसला लिया हुआ है। शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने इसकी घोषणा की थी। छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई जारी है। स्कूल-कॉलेज आगामी परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए पढ़ाई कराएंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा था कि बच्चों को फिलहाल स्कूल बुलाकर कोई जोखिम नहीं उठा सकते। मार्च महीने में परीक्षाएं होनी हैं। इस बार आठवीं की बोर्ड परीक्षा होगी, उसे देखते हुए शिक्षक पूरी तन्मयता के साथ ऑनलाइन पढ़ाई करवाएं और बच्चों का मूल्यांकन भी करें। कोरोना के मामले और बढ़ने पर छुट्टियां आगे बढ़ाई जा सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान : अभिषेक सिंह पटेल

**जसरा।** रक्तदान मानव जीवन के सबसे बड़े दान मे से एक हैं। एक यूनिट रक्तदान से कम से कम तीन जिंदगी कों बचाया जा सकता हैंप्रत्येक व्यक्ति अपने मन मे अटूट संकल्प लें कि समाज मे जरूरतमंद कों निःस्वार्थ भाव से रक्तदान करके उनकी जान बचाने मे अपना सहयोग करें उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने शुक्रवार कों रक्तदान के दौरान युवाओं कों जागरूक करने के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने यह भी कहा कि रक्तदान से किसी भी तरह की कमजोरी नहीं होती किन्तु सदैव स्वस्थ व्यक्ति कों ही रक्तदान करना चाहिए। कहा कि वह तीन बार रक्तदान कर चुके हैं।श्री पटेल मतदान जागरूकता अभियान, सामूहिक विवाह, बेटियों कों आत्मनिर्भर एवम साक्षर बनाने की दिशा मे सिलाई मशीन, साइकिल सहित व्यापक पैमाने पर पाठय सामग्री वितरित करवा चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे दस हजार से अधिक पेड़ भी श्री पटेल के द्वारा विभिन्न शैक्षिक संस्थानों एवम समाज मे पौधे भेंट किया जा चुका हैं।

# एटीएम क्लोन कर लाखों उड़ाए, खरीद ली एसयूवी, तीन गिरफ्तार

**गन्ने टोल प्लाजा से रवि,अखिलेश व दिनेश को पुलिस ने किया गिरफ्तार, डिप्टी एसपी ने बताया कंप्यूटर का अध्ययन कर शुरू कर दिए थे जालसाजी का काम**

अखंड भारत संदेश







पुलिस के गिरफ्त में शातिर तथा शातिर अपराधीयों के द्वारा खरीदी गई एसयूवी

**प्रयागराज।** एसटीएफ ने गन्ने टोल प्लाजा के पास से एटीएम क्लोन कर रुपये उड़ाने वाले गिरोह के तीन ठगों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को सूचना मिलने पर एसटीएफ की टीम ने छापा मारकर तीनों को पकड़ा। उनके पास से कार्ड रीडर, स्कीमर, छह अलग अलग बैंकों के ब्लैंक एटीएम कार्ड के साथ नई महिंद्रा एक्सयूवी बरामद हुई है। सरगना के पास से एक चैनल का फर्जी आईकार्ड भी मिला है। एसटीएफ ने गन्ने टोल प्लाजा के पास से रवि पांडेय, अखिलेश कुमार दुबे और दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह ने बताया कि गिरोह के सरगना रवि पांडेय ने कंप्यूटर की पढ़ाई करने के बाद यह काम शुरू किया।गिरोह के लोग कम पढ़े लिखे और बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। बिना गार्ड वाले एटीएम बूथ में वह शिकार का इंतजार करते हैं। मदद के नाम पर वे एटीएम कार्ड अपने हाथ में लेकर उसे तुरंत अपने पास छिपाए एटीएम कार्ड स्किमर से स्कैन कर लेते हैं।इसी बीच दूसरा सदस्य पिन कोड देख लेता है। बाद में स्किमर से कार्ड क्लोन कर रुपये निकाल लेते हैं। गिरोह के लोगों ने सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में भी घटनाओं को अंजाम दिया है। रवि पांडेय महाराष्ट्र में भी जेल जा चुका है। रवि ने एक महीने पहले धोखाधड़ी की कमाई रकम से नई एक्सयूवी खरीदी है।

### मीडिया चैनल का फर्जी आईकार्ड भी बरामद

उसके खिलाफ सिर्फ प्रयागराज में ही आठ मुकदमे दर्ज हैं। अखिलेश और दिनेश भी उसके साथ लंबे समय से जालसाजी के धंधे में लिप्त हैं। उनके आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है। उनके पास से एक लैपटॉप, एटीएम कार्ड रीडर, कार्ड स्कीमर, एक मीडिया चैनल का फर्जी आईकार्ड, छह ब्लैंक एटीएम कार्ड और चार मोबाइल बरामद हुए हैं।

### शहर में भी मिलने लगा क्लोन साफ्टवेयर

साइबर ठगों के लैपटॉप में क्लोन साफ्टवेयर मिला है। रवि पांडेय ने इसे शहर की एक दुकान से खरीदा था। डिप्टी एसपी नवेंदु सिंह ने बताया कि साफ्टवेयर बेचने वालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। बताया कि एटीएम कार्ड को स्किमर से स्कैन करने के बाद कार्ड का डाटा लैपटॉप में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसके बाद कार्डरीडर को लैपटॉप से कनेक्ट करके किसी भी कार्ड को स्वैप करके क्लोन तैयार कर लिया जाता है। लैपटॉप में कार्ड का डाटा रीड करने और क्लोन बनाने वाला साफ्टवेयर पहले से इंस्टाल रहता है। क्लोन कार्ड से गिरोह के लोग कहीं से भी रुपये निकाल लेते थे।

## न्यूज झरोखा

### बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर सपाइयों ने मनाया डिंपल यादव का जन्मदिन



**फूलपुर।** कन्नौज की सांसद डिंपल यादव के 44वें जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को फूलपुर में समाजवादी युवजन सभा के फूलपुर विधानसभा अध्यक्ष कुमार मंगल एवं सयुस नगर अध्यक्ष अमित यादव ने बच्चों में पाठ्य सामग्री का वितरण किया। बच्चों में किताब, कापी के साथ ही अन्य स्टेशनरी का वितरण करते हुए कुमार मंगल ने कहा कि महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत डिंपल यादव एक सहज व सरल नेत्री होने के साथ नारी उत्थान की चिंतक हैं जो हमेशा महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए आगे रहतीं हैं। इस दौरान उन्होंने 25 बच्चों को बुक, कॉपी, पेंसिल, रबर पेंसिल, कटर आदि स्टेशनरी किट वितरित कर डिंपल यादव की दीघार्यु की कामना की। वहीं पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों में खुशी छाई रही। मौके पर राम चन्दर यादव, रोहित यादव, मो. मोनिश, अरुण मोदनवाल, अनुज वर्मा सहित अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कन्नौज की पूर्व सांसद डिंपल यादव का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन



**करछना।** सहज,शालीन, मृदुभाषी और आधी आबादी की सशक्त प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की बुलंदी की आवाज तथा महिलाओं को सम्मान दिलाने वाली कन्नौज की पूर्व सांसद परम आदरणीया डिम्पल यादव जी का जन्मदिन आज करछना ब्लाक स्थित उज्जवल रमण सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा जी के नेतृत्व में तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना विजय राज सिंह राजू भैया की अध्यक्षता में केक काट कर मनाया गया तथा उनकी दीघार्यु की कामना की गई इस अवसर पर समाजवादी पार्टी इलाहाबाद के उभरते हुए युवा नेता शाहबाज हक , समाजवादी छात्र सभा के करछना विधानसभा अध्यक्ष विकास सोनी, लोहिया वाहिनी के जिला सचिव गुलाम कादिर , युवाजन सभा के जिला सचिव मो० सैफ, आदर्श पांडेय- उपाध्यक्ष करछना विधानसभा छात्रसभा, कार्तिक पांडेय- अध्यक्ष करछना ब्लॉक छात्रसभा, राज खान सचिव करछना विधान सभा अंगद, शनि चौरसिया, सिद्धार्थ चौधरी समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मकान बेचने के लिए धमका रहे बदमाश, दर्ज कराया मुकदमा

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज की एक महिला को कुछ लोग जबरदस्ती मकान बेचने के लिए धमका रहे हैं। पीड़िता की शिकायत पर मुट्ठीगंज पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। एफआईआर के मुताबिक मालवीय नगर निवासी अन्जुम बानो को धमकी मिल रही है। अन्जुम ने पुलिस को बताया कि उसका शौहर सुहैल अहमद काम पर निकल जाते हैं तो आरोपी घर में आकर हत्या की धमकी देते हैं। महिला ने मुट्ठीगंज थाने में तन्नू, चोचो, लड्डन, बादशाह और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत की है कि आरोपियों ने अशरफ के नाम पर मकान बेचने के लिए धमकाया है। पुलिस से यह भी कहा कि अगर घर के बाहर उसके पति या बच्चों के साथ कोई हादसा होता है तो इसके लिए नामजद आरोपी जिम्मेदारी होंगे। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद पता चलेगा कि अशरफ कौन है। माफिया अतीक अहमद का भाई और पूर्व विधायक अशरफ या कोई दूसरे अशरफ के नाम से धमकाया जा रहा है।

# शीतलहर के प्रकोप से सहमें ग्रामवासी, ग्राम पंचायतों में नहीं है अलाव की व्यवस्था

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** सप्ताह भर पूर्व हुई बारिश के बाद कुहासा और पछुआ हवा चलने से ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। कनकनी ने आमलोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ठंड का कहर बढ़ने से अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने से खासकर सड़क बीवीकिनारे गुजर बसर करने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को शीतलहर के चलते तापमान में काफी गिरावट आई आसमान में काले बादलों की वजह से दिन में भी अंधेरा छाया रहा ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों की तरफ रुख कर रहे थे। शीतलहर के चलते ठंड का प्रकोप बढ़ा हुआ है लोग अपने घरों में अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे। वही देखा जाए तो मेजा क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा अभी तक प्रमुख चौराहों पर अलाव नहीं जलवाए गए हैं जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। दोपहर बाद धूप निकलने के बाद भी पछुआ हवा बहने से लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल रही है। पिछले दो दिनों से रूक रूककर चल रही पछुआ हवा ने ठंड का प्रकोप बढ़ा दिया है। खासकर सुबह और शाम कनकनी महसूस होती है। खुले मौसम के बीच ठंड का प्रकोप बढ़ जाने से आमलोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठंड और शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ गई है। रूम हीटर और ब्लोअर की बिकवाली में भी तेजी आई है। प्रशासनिक स्तर पर चौराहो पर अलाव की व्यवस्था नही की गयी है।

### गलन से बढ़ गयी ठिठुरन, बेअसर रही धूप

**रात होते ही लोग रजाई में दुबकने को विवश, धूप सेकने वालों को ठंड से नहीं मिली राहत**



**जारी।** आसमान पर छाए बादलों के साफ होते ही ठंड के तेवर तीखे हो गए हैं ।शाम होते ही जहां सर्द हवाओं के कारण शरीर में सिरहन महसूस हो रही है ।वही रात होते ही लोग रजाई में दुबकने को विवश हो रहे हैं ।इन दिनों हुई बरसात एवं पश्चिम से आई ठंडी हवाओं ने गलन में इजाफा कर दिया है ।दिन चढ़ने के साथ भी बेअसर धूप से कोई राहत नहीं मिल रही है ।मौसम विभाग के जानकारों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का असर और भी व्यापक होगा ।बफीर्ली हवाओं के साथ ही गलन का दौर मध्य जनवरी तक चलेगा शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा कोहरा नदारद रहने एवं बफीर्ली गलन भरी हवाओं का जोर रहने से लोग गर्म लिबास में नजर आए दिन चढ़ने के साथ ही आसमान में सूर्य देव के दर्शन तो हुए लेकिन धूप की तेजी नदारत रही ।आसमान साफ रहने की वजह से सांयकाल तक पर्याप्त धूप हुई। लेकिन ठंडी हवाओं से लोग कापते- ठिठुरते भी रहे ऐसे में धूप सेकने निकले लोगों को ठंड से कोई राहत नहीं मिली जानकार मानते हैं कि ठंड अपने समय के अनुकूल ही है ।आगामी दिनों में पाले का दौर भी शुरू होगा जिसके कारण फसलों को भी नुकसान होने की उम्मीद है बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 19 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है ।जानकार बताते हैं कि पश्चिमी व बफीर्ली हवाओं से अचानक बढ़ी है बारिश के बाद ही पारा भी 10 डिग्री से नीचे उतरा है बढ़ती ठंडक एवं सर्द हवाओं का रुख देखते हुए लोग अलाव तापने लगे हैं रूम हीटर एवं लकड़ियां जैसे गर्मी का एहसास कराने वाले सभी उपाय अब बाहर निकाले जा रहे हैं धीरे धीरे ठंड की चोट ज्यादा तेज लगने लगी है। बढ़ती ठंडक के कारण सड़कों पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही अब कुछ कम हो रही है । जारी बाजार की मार्केट शाम होते ही सन्नाटा हो जाता है बताते हैं कि हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी व पश्चिम विक्षोभ के कारण ठंडी हवाओं का सितम भयानक स्थिति में आ गया है ।इसके वजह से पारा भी पांच- छह डिग्री तक नीचे गिरा है। अनुमान के मुताबिक शीतलहर का दौर अभी कुछ दिन और जारी रहेगा इस बीच चिकित्सकों का कहना है कि अब ठंड में होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाव करने की सख्त जरूरत है।

### परमेंदु वेलफेयर सोसाइटी ने केक काटकर मनाया स्थापना दिवस, शिक्षालय निर्माण शुरू

**नैनी।** परमेंदु वेलफेयर सोसाइटी ने केक काटकर अपना छठा स्थापना दिवस मनाया। जानकारी के अनुसार 15 जनवरी 2016 को एनजीओ परमेंदु वेलफेयर सोसाइटी की स्थापना हाई कोर्ट इलाहाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता आर के पाण्डेय व उनके साथियों द्वारा की गई थी तथा दिसम्बर 2016 में पंजीकरण के साथ यह एनजीओ भ्रष्टाचारमुक्त भारत व राष्ट्रहित में सामाजिक कार्य अभियान के तहत कार्य कर रही है। विश्वव्यापी कोरोना संकट काल मे लगभग 75000 परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने के साथ 25 अक्टूबर 2020 को लिए गए संकल्प के अनुसार देवालय से सामाजिक व शिक्षालय से राष्ट्रीय वैचारिक महाक्रांति के अंतर्गत एनजीओ राष्ट्रभक्त हिंदुस्तानी नागरिकों के मात्र 1 ईंट 1 रुपये व आस्थानुसार स्वेच्छिक समुचित योगदान से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या परिक्षेत्र के गोरसरा शुक्ल में एक ऐसे आदर्श केंद्रीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत शिक्षालय परमेंदु शिक्षा सदन परम शक्ति धाम की स्थापना कर रहा है जिसका उद्देश्य आम जनमानस के बच्चों को उत्तम शिक्षा के साथ सभी निर्धन बेसहारा बच्चों को पूर्णतया निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना व निर्धन बेसहारा परिवारों की समुचित सहायता करना है।

# छुआ-छूत के भेदभाव को खत्म करता है सामाजिक समरसता सहभोज

**सामाजिक समरसता सह-भोज के रूप में मनाया मकर संक्रांति का उत्सव**





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** मकर संक्रातिं के उत्सव को सामाजिक समरसता सह-भोज के रूप मे भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के कार्यकर्ताओ ने 312 शक्ति केन्द्रो मे मनाया। शंकरगढ़ युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह के द्वारा कल्याणपुर मे आयोजित खिचडी.सहभोज मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारतीय, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल के साथ दर्जनो की संख्या मे दलित परिवार के बुजुर्ग, महिला, पुरूष बच्चो ने बैठकर खिचडी. का सह-भोज किया। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा यह सह-भोज समाज मे सामाजिक समरसता को बढाते हुए समाज मे फैले भेद-भाव, छुआ-छूत के कु-प्रभाव को कम करने आपसी सामजस्य स्थापित कर अपने संस्कृति को बढ़वा देता है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इसी तरह यमुनापार के 20 मंडलो के 312 सेक्टरो पर विभिन्न कार्यकर्ताओ पदाधिकारियो के नेतृत्व मे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गोपी चन्द्र द्विवेदी, पंकज भारती, सलिल तिवारी, विपिन कुमार, नरेन्द्र सिंह, सत्यम गिहार, किंगराज, रवि सिंह आदि के साथ जिला एवं मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपाइयों ने किया खिचड़ी सहभोज का भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार मंडल जसरा में मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला के अगुवाई में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं व सामूहिक टीम भावना के तहत शनिवार को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी सह भोज का जोरदार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनुसूचित जाति के जिला मंत्री आशीष सोनकर ने सभी कार्यकताओं को अपने आवास पर बुलाया। जिसमें मुख्य रूप से जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी के संरक्षण में संगठन के सभी शक्ति केंद्रों पर सामूहिक खिचड़ी सह भोज का कार्यक्रम संपन्न किया गया। मंडल अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक आशीष सोनकर व अश्वनी केसरवानी राम एवं दीपचंद मोदनवाल जी के द्वारा अनुसूचित मोर्चा प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, महामंत्री नीरज केसरवानी, दीपचंद मोदनवाल, अतुल केसरवानी, आकाश केसरवानी, रघु, परवेज आलम, रामसागर दुबे, आलोक द्विवेदी, रामजी, सुशील केसरवानी ने आए हुए सभी अतिथियों का समाज के दलित भाइयों एवं बहनों के साथ ही संगठन के सम्मानित सभी पदाधिकारियों का एवं भाजपा कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। साथ ही खिचड़ी सह भोज के उपरांत कुछ गरीब महिलाओं को ठंड से बचाव के लिए सभी साथियों के सहयोग से कंबल वितरण का कार्य भी किया गया। ऐसे सभी महानुभाव का मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला जी ने एवं जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने उज्जवल भविष्य की कामना और सभी के सहयोग का स्नेहिल आशीर्वाद प्रकट किया। साथ ही उपस्थित अतिथियों में बारा विधानसभा के विधायक डॉ० अजय कुमार जी साथ में उनकी पूरी टीम एवं यमुना पार के यशस्वी जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती विधानसभा विस्तारक तोयज पांडेय,राजेंद्र प्रसाद पांडे,राकेश सिंह, मन्नू शुक्ला, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष राजमणि पासवान,आनंद जायसवाल , साथ में ही स्वतंत्र शुक्ला जी सुबोध जायसवाल, दिनेश तिवारी पूर्व मीडिया प्रभारी क्षेत्र के नौनिहाल बच्चे एवं गणमान्य नागरिक तथा दलित समुदाय के माताओं एवं बहनों साथ ही भाइयों का सभी पधारे हुए महानुभाव का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आप लोगों के गरिमामई उपस्थित से हम सब कार्यकताओं का मनोबल अतिरिक्त ऊर्जा के साथ दोबारा योगी जी के नेतृत्व में साढ़े 300 के पार कमल के फूल वाले प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करके योगी जी को पुनः मुख्यमंत्री बनकर रुके हुए अधूरे कार्यों को दृढ़ता के साथ पूरा करने का अवसर प्राप्त हो सके।

### दो युवकों ने किशोरी से की दुष्कर्म की कोशिश

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की शाम गांव से बाहर दूसरे घर में खाना देने जा रही कक्षा सात की किशोरी के साथ बाइक सवार दो युवकों ने किशोरी को घेर कर रोक लिया । किशोरी को पकड़ दोनों युवक सुनसान जगह की ओर खींचने लगे । किशोरी ने शोर मचाया तो आस पास के लोग दौड़े और एक युवक को पकड़ लिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ थाने ले आई और दोनो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। घूरपुर के एक गांव की एक कक्षा सात में पढ़ने वाली किशोरी के कुछ परिजन गांव के बाहर स्थित बने घर मे रहते हैं। शुक्रवार की शाम किशोरी उन्ही लोगों के लिए खाना लेकर जा रही थी ।अभी किशोरी वहां पहुंचती कि इसके पूर्व ही अंधेरे में पहले से खड़े बाइक सवार दो युवकों ने किशोरी को दबोच लिया और उसके साथ जोर जबरजस्ती करते हुए खींचने लगे। किशोरी ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़े और एक आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़ थाने ले आई और पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया।

# प्रा.वि गोबरा तरहार, व लालापुर तथा मां शिवकुमारी इं.का.में सम्पन्न हुआ कोविड-19 का टीकाकरण



**लालापुर।** प्राथमिक विद्यालय गोबरा में फस्ट डोज 30, सेकेण्ड डोज 190, कुल 220 डोज लगाए गए माँ शिव कुमारी इंटर कालेज लालापुर में 90डोज लालापुर में 45डोज लगाए गए शनिवार को कोविड-19 का टीकाकरण में वीडिओ शंकरगढ़ अमित मिश्रा और जसरा एडीओ श्याम लाल त्रिपाठी, सिगरेटरी, प्रधान सहायक रिंकी पाण्डेय ने अपने गाँव सहित गोबरा गाँव की कम उर्म की बच्चे बच्चियों को जागरूक की और सभी को घर घर जा के लोगों वैक्सीन लगवाने के लिए समझाया भी,विनोद कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोविड-19 के खिलाफ जंग में वैक्सीन एक सुरक्षा कवच है। वैक्सीनेशन के दो फायदे हैं, एक तो ये आपको कोविड-19 के संक्रमण से बचाती है, दूसरा ये इस वैश्विक महामारी को फैलने से रोकती भी है। वैक्सीन आपके शरीर को किसी संक्रमण से बचाती है। वायरस, गंभीर बीमारी या पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही बीमारी से लड़ने में आपकी सहायता करती है। इसे लगाने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। इससे आप बीमारी से लड़ने में कामयाब होते हैं। वैक्सीन लगाने से इम्यून सिस्टम संक्रमण को पहचानने के लिए बूस्ट करता है... उसके खिलाफ शरीर में एंटीबॉडी बनते हैं जो बाहरी बीमारी से लड़ने में हमारे शरीर की मदद करते हैं और हम बीमारी की चपेट में आने से बच जाते हैं।गोबरा ग्राम प्रधान संगीता देवी लालापुर शंकरलाल पाण्डेय गोबरा प्रधान संगीता देवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना वजह घर से नहीं निकलें, मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करते रहे 'दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी' ।इस मौके वीडिओ शंकरगढ़ अमित कुमार मिश्रा, गोबरा प्रधान संगीता देवी,लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय,कमलेश कुमार, लालापुर गीता सिंह,गोबरा एनम मोनिका रिंकी पाण्डेय ,कोमल त्रिवेदी, संतोष कुमार, अबधेश पटेल, अमित कुमार सरोज पाण्डेय, सहित अन्य कई गोबरा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शहीद गिरीश शुक्ला स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



उदघाटन मैंच के विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए

**करछना।** अमर शहीद वीर गिरीश कुमार शुक्ल स्मारक क्रिकेट टूनामेंट के बैनर तले लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज भडेवरा के खेल मैदान में भडेवरा क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित 15 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ । जिसमें इलाकाई दर्जनभर से अधिक टीमो ने शिरकत किया। वही टूनामेंट का उद्घाटन बसपा नेता अरविंद कुमार शुक्ल के प्रतिनिधि सोनू त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद फीता काटकर किया। उन्होंने मैच में प्रतिभागी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया । और कहा कि खेल खेल की भावना से प्रतिस्पर्धा के साथ खेलना चाहिए । उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल से शारीरिक सहित मानसिक सुदृढ़ता बरकरार रहती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ककरम अमित मिश्रा केचुहा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम नंदन तिवारी ग्राम प्रतिनिधि भडेवरा राजमणि विश्वकर्मा व भाजपा युवा मोर्चा मंडल भडेवरा के अध्यक्ष विकास पांडेय मौजूद रहे । उद्घाटन मैच केचुहा क्रिकेट व जेएम एस क्रिकेट क्लब आमा के बीच दिलचस्प मुकाबला खेला गया। जिसमें आमा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। केचुहा की टीम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरो में सात विकेट खोकर 78 रन बनाए । वहीं आमा की टीम ने 5 विकेट से उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया । आमा की टीम के खिलाड़ी सौरभ ओझा को मुख्य अतिथि की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया। दूसरा मैच सुलमई व हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब भुडां के बीच खेला गया । जिसमें भुडां की टीम विजई रही । वहीं तीसरा मैच माही व भडेवरा के बीच हुआ। जिसमें भडेवरा की टीम विजेता बनी । अपांयर के रूप में मनीष द्विवेदी व सत्यम ओझा रहे। कमेंटेटर के रूप में शिक्षक क्षितिश तिवारी संतोष शुक्ला व विष्णु देव शर्मा रहे । क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष समाजवादी करछना विधानसभा उपाध्यक्ष आयुष तिवारी आयोजक आशुतोष ओझा व सागर मिश्रा संयोजक राम सुंदर मिश्र व पीयूष केसरवानी शिवांश मिश्र व व्यवस्थापक शिवम मिश्रा व नारायण मिश्रा ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सत्यम शुक्ला रितेश पंकज शुक्ला पुनीत मिश्र मुकेश शुक्ल नागेंद्र शुक्ला विमल शर्मा राजेश शुक्ला विपिन तिवारी सुदर्शन सत्यम विकास रामपाल शांतनु कुलदीप सोनू शिवराज विष्णु आशीष धीरज आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अंतिम बार 25 दिसंबर को देखे गए थे हाईकोर्ट बार के पूर्व उपाध्यक्ष

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगला प्रसाद त्रिपाठी का कुछ पता नहीं चल पाया है। अब तक की जांच में मंगला प्रसाद अंतिम बार पास पड़ोस वालों को 25 दिसंबर को देखे गए थे। उसके बाद से उनका कुछ पता नहीं है। पुलिस कॉल डीटेल्स के आधार पर जांच कर रही है। बेटे ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जौनपुर के अगरौरा गांव के रहने वाले अधिवक्ता मंगला प्रसाद त्रिपाठी (60) हाईकोर्ट बार के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वह छोटा बघाड़ा में किराये के कमरे में अकेले रहते थे। उनका परिवार गांव में रहता है। अंतिम बार उनके घर वालों ने 17 दिसंबर को बात की थी। इसके बाद एक जनवरी के बाद घर वालों ने फोन मिलाया तो बंद था। कई बार मिलाने के बाद उनका बेटा मनोज छोटा बघाड़ा पहुंचा। यहां कमरे का ताला तोड़ा तो अंदर मोबाइल मिल गया लेकिन मंगला प्रसाद का कुछ पता नहीं था। बेटे ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगला प्रसाद का कॉल डीटेल्स निकलवाई गई लेकिन कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई। आस पड़ोस के लोगों ने पुलिस से बताया कि अंतिम बार उन्होंने मंगला प्रसाद को 25 दिसंबर को देखा था।

# मतदाताओं को जगाने निकली चुनाव आयोग की बस

**बस में ओलंपियन शटलर अभिन्न श्याम गुप्ता, अर्जुन अवॉर्डी जिम्नास्ट आशीष कुमार सहित जिले के 10 आइकन हैं**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव 2022 के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को बूथों तक पहुंचाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग की विशेष बस शनिवार से प्रयागराज में निकली। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस में ओलंपियन शटलर अभिन्न श्याम गुप्ता, अर्जुन अवॉर्डी जिम्नास्ट आशीष कुमार सहित जिले के 10 आइकन हैं। बस निर्वाचन कार्यालय से निकलकर लक्ष्मी टॉकीज होते हुए अन्य चौराहों पर पहुंचेगी तथा , चौराहे पर आइकन लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। बस शाम पांच बजे तक जिले के अलग-अलग स्थानों पर जाएगी। यहां पर लोगों को मतदान के महत्व को बताया जाएगा। बस में खिलाड़ी, शिक्षक, रंगकर्मी आदि लोग मौजूद है।



हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री

## थप्पड़ खाने वाले वार्ड ब्वाय मयाराम ने बदला बयान

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल का जो वार्ड ब्वाय मयाराम आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मुकुल सिंह पर थप्पड़ मारने का आरोप लगा रहा था, वह शनिवार को अपने बयान से मुकर गया। उसने लिखित में यह बयान दे दिया कि उसे डॉक्टर ने नहीं मारा था। शनिवार को जब जांच कमेटी के सदस्यों ने यह बयान देखा, तो वह भी चौंक गए। जो वार्ड ब्वाय डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा था, वह अचानक बदल कैसे गया? अब जांच कमेटी की ओर से वार्ड ब्वाय को स्पष्टीकरण भेजा जाएगा कि उसने यह क्यों और किस दबाव में किया है।

### वार्ड ब्वाय और नर्सों ने किया था विरोध प्रदर्शन

नर्सों और वार्ड ब्वाय का आरोप है कि 7 जनवरी को आधी रात के बाद आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मुकुल सिंह वार्ड नंबर एक और दो में पहुंचे थे। उनके साथ दो निजी सुरक्षाकर्मी भी थे। नर्सों का आरोप है कि डॉ. मुकुल स्टाफ नर्स को बुलाकर अश्लील हरकत करने का प्रयास करने लगे। वहां मौजूद अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने विरोध करना चाहा, तो वह खुद और बंदूकधारियों से पिटवाने लगे।

### आखिर क्यों बदल दिया बयान...

8 जनवरी से वार्ड ब्वाय मयाराम यही बयान दे रहा था कि आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मुकुल सिंह ने उसे थप्पड़ मारा था। मीडिया के सामने भी उसने यही बयान दिया था। मगर, अब उसने बयान क्यों बदल दिया, इस बात पर चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि डॉ. मुकुल दबंग प्रवृत्ति के हैं। उन्होंने वार्ड ब्वाय को डरा-धमकाकर साइन करा लिया। नर्सिंग एसोसिएशन की महामंत्री माधुरी यादव ने कहा कि अब हम लोग डीएम से मिलकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग करेंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नौगंवा विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत नौगंवा, विकास खण्ड–कौंधियारा में कराये जाने वाले कार्यो मनरेगा, राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे 02–01–2022 से 06–01–2022 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 10–01–2022 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | राजमुनिपाल के घर से कैंथानाल तक अंडरग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य 200 मीटर लम्बाई (मनरेगा से) | 5 लाख | 1 माह |
| 2. | फूलचन्द्र के घर से मुख्य नहर तक इण्टलाकिंग कार्य 125 मीटर लम्बाई (राज्य वित्त से) | 5 लाख | 1 माह |

मानिक चंद यादव
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत नौगंवा
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

वीरेन्द्र सिंह
(ग्राम विकास अधिकारी)
ग्राम पंचायत नौगंवा
वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/ दिनांक


## 8183 सैंपलों की जांच में 414 मिले संक्रमित,संक्रमितों में नहीं है कोई गंभीर लक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शनिवार को भी कोरोना मरीजों की संख्या 400 के पार रही। प्रयागराज जनपद में पूरे दिन 8183 सैंपलों की जांच हुई जिसमें 414 नए मरीज मिले हैं जिनकी रिपोर्ट पाजिटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, अब जनपद में संक्रमित मरीजों की संख्या 2646 हो गई है। अच्छी बात यही है कि जो भी नए संक्रमित मिले हैं उनमें कोई गंभीर लक्षण नहीं है जिससे उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाना पड़े। कुछ गिने चुने मरीजों को छोड़ दें तो बाकी सभी को होम आइसोलेशन में रहने की अनुमति दी गई है। लेवल टू के तेजबहादुर सप्रू कोविड अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार अखौरी ने बताया कि इस अस्पताल में शनिवार देर शाम तक 35 मरीजों को भर्ती किया जा चुका है लेकिन किसी को ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत नहीं है। इसी तरह लेवल थ्री के कोविड अस्पताल एसआरएन व लेवल वन के बेली अस्पताल में करीब 50 कोरोना मरीजों को भर्ती किया गया है।

### अस्पताल में कोरोना संक्रमित गर्भवती का हुआ प्रसव

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू कोविड अस्पताल में एक कोरोना संक्रमित गर्भवती का प्रसव कराया गया। आपरेशन के जरिए उसका सफल प्रसव हुआ। गर्भवती ने बेटी को जन्म दिया है। दोनों स्वस्थ हैं। डॉक्टरों ने बताया कि नवजात का भी सैंपल किया जाएगा ताकि उसमें कोरोना का संक्रमण है या नहीं यह पता लगाया जा सके। इस अस्पताल में अब तक छह कोरोना संक्रमित गर्भवती का प्रसव कराया जा चुका है जिसमें किसी में भी कोरोना संक्रमण नहीं मिला है।

### छत्तीसगढ़ कैडर केपूर्व आईएएस को हाईकोर्ट से मिली राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ कैडर केपूर्व आईएएस बाबू लाल अग्रवाल की नोएडा स्थित भवन को संबद्ध किए जाने के मामले में राहत दे दी है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जब तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अपीलीय न्यायाधिकरण प्राधिकारी की नियुक्ति नहीं हो जाती है, तब तक के लिए उसका यह आदेश प्रभावी रहेगा।मामले में याची मेसर्स एक्सप्रेस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने ईडी के उप निदेशक द्वारा 27 नवंबर 2020 को आय से अधिक संपत्ति के मामले में नोएडा स्थित भवन को संबद्ध कर जांच किए जाने के मामले में रोक लगाकर उस पर आदेश दिए जाने की मांग की थी। ईडी के अधिवक्ता मनुवर्धन ने याचिका की पोषणीयता पर सवाल उठाया। कहा कि याचिकाकर्ता रायपुर छत्तीसगढ़ का निवासी है। जिस प्राधिकारी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिग एक्ट -पीएमएलए) की धारा पांच (एक) के तहत कार्रवाई की है, वह छत्तीसगढ़ में तैनात है। इसलिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय को वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई अधिकार नहीं है। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता निश्चित ही रायपुर छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी है, लेकिन मौजूदा संपत्ति (भवन) न्यायालय के अधिकार के अंतर्गत है। इसलिए उसे आदेश पारित करने का अधिकार है।



## नैनी में अराजक तत्वों ने अप्पे वाहन में लगाई आग

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के कनैला उपरहार में बीती रात अराजक तत्वों ने एक अप्पे वाहन में आग लगा दी। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। वहीं अराजक तत्वों की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक विजय कुमार श्रीवास्तव नैनी कोतवाली क्षेत्र के कनैला उपरहार स्थित बजरंग नगर के रहने वाले हैं। वह पानी का कारोबार करते हैं। कारोबार का पूरा संचालन उनके पुत्र पीयूष श्रीवास्तव द्वारा की जाती है। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार देर शाम वह अपने अप्पे वाहन द्वारा क्षेत्र में लोगों को पानी की सप्लाई देने के बाद घर पर पहुंचे और वाहन को खड़ी कर दिए। देर रात दो अज्ञात लोग वहां पर पहुंचे और कुछ देर इधर-उधर टहलने के बाद अचानक वाहन में आग लगा दिए। जिससे वाहन धूं-धूं कर जलने लगी। यह देख आसपास के लोगों में भारी हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के दौरान वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में अराजक तत्वों की पूरी करतूत कैद मिली। हालांकि पुलिस सीसीटीवी कैमरे से फुटेज व वीडियो लेकर अराजक तत्वों की तलाश में जुटे हुए हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बस्तर करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत बस्तर विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01–01–2022 से दिनांक 05–01–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत बस्तर में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 08–01–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 08–01–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पवन पटेल के घर से राजकरन के खेत तक, 425 मीटर पक्की नाली निर्माण कार्य (मनरेगा से) | 10.60 लाख | 15 दिन |

कृष्ण देव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बस्तर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021–22/ दिनांक

राम सकल
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बस्तर
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## मेजा रोड में सीआरपीएफ व पुलिस के जवानों ने किया गस्त

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले मेजारोड में सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों ने कदमताल करते हुए नागरिकों को दिया सुरक्षा का भरोसा दिलाया।आदर्श आचार संहिता का पालन कराए जाने के लिए प्रशासन सतर्क है तो वही अर्धसैनिक बल फ्लैग मार्च कर चुनाव की भौगोलिक स्थिति का जायजा ले रहे।

जैसे -जैसे यूपी विधानसभा के मतदान का समय करीब आता जा रहा वैसे वैसे ही पुलिस प्रशासन चुनावी तैयारियों को पूर्ण करने में लगा हुआ है जहां आदर्श आचार संहिता का पालन कराए जाने के लिए प्रशासन सतर्क है वही अर्ध सैनिक बल चुनाव की भौगोलिक स्थिति का जायजा ले रहे।इसी क्रम में शनिवार को मेजा थाना क्षेत्र में एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित की अगुवाई में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने मेजा रोड बाजार, सिरसा, रामनगर, उरूवा तथा मेजा खास में फ्लैग मार्च कर चुनाव की भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया, साथ ही मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि वह निडर होकर चुनाव में मतदान करें। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने मतदाताओं से अफवाहों पर ध्यान ना देने, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों को सुचि देने तथा निडर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। थाना प्रभारी तुषार दत्त त्यागी लाउडस्पीकर के माध्यम से बाजार वासियों को जागरूक करते हुए निडर होकर मतदान करने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान मेजारोड चौकी प्रभारी मनीष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सिरसा हरीश चंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल अरविंद चौबे, संजय तिवारी, कांस्टेबल सुजीत यादव, प्रियांशु कुमार, सुरेश यादव सहित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।



मेजा रोड में फ्लैग मार्च करती पुलिस

### महिला किराएदार को गोली मारने वाला मकान मालिक अभिमन्यु शुक्ला को पुलिस ने भेजा जेल

**संगीता को लगी थी 3 गोली, पोस्टमार्टम से हुआ था खुलासा**

**प्रयागराज।** धूमनगंज पुलिस ने शनिवार को संगीता सोनी की हत्या में पकड़े गए आरोपी अभिमन्यु शुक्ला को जेल भेज दिया। उसके पास से बरामद लाइसेंसी पिस्टल और खोखे को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के दूसरे असलहा रायफल को भी जब्त कर लिया है। दोनों के लाइसेंस को निरस्त कराया जाएगा। प्रत्यक्षदर्शी गवाहों की मदद से पुलिस आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए साक्ष्य एकत्र कर रही है। बता दें कि भोला का पुरवा निवासी अभिमन्यु शुक्ला ने अपने मकान में रहने वाली किराएदार सपना सोनी से झड़प के बाद बीते गुरुवार को दिनदहाड़े लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी थी। उसे दौड़ाकर तीन गोली मारी थी जिससे मौके पर ही सपना की मौत हो गई थी। मामला मकान खाली करने से जुड़ा था। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घर के सामने रहने के कारण रोज किसी न किसी बात पर नोकझोंक हो रही थी जिससे गुस्से में आकर उसने गोली मार दी। बाद में वह पछता रहा था। कहा कि गलती हो गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रोकड़ी करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत रोकड़ी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 06–01–2022 से दिनांक 09–01–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत रोकड़ी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 10–01–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 10–01–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नलकूप से आयूब नारायण के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य (मनरेगा से) | 10.50 लाख | 1 माह |
| 2. | केदार के घर से नहर तक पक्की नाली निर्माण कार्य (मनरेगा से) | 10.50 लाख | 1 माह |

शेष बहादुर पटेल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रोकड़ी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021–22/ दिनांक

प्रीती शुक्ला
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रोकड़ी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## इलाहाबाद विश्वविद्यालय 21 जनवरी तक बंद

**प्रयागराज।** तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण के कारण इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) को 21 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। ऐसे में स्नातक (यूजी) और परास्नातक (पीजी) में प्रवेश प्रक्रिया भी फंसेगी। 21 जनवरी तक इविवि के सभी कार्यालय भी बंद रहेंगे और वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू रहेगी। इससे पहले इविवि प्रशासन ने 13 जनवरी तक विश्वविद्यालय बंद रखने का निर्णय लिया था।इविवि के रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ला की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार विश्वविद्यालय को 21 जनवरी तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है और कहा गया है कि अन्य सभी व्यवस्थाएं नौ जनवरी को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार लागू रहेंगी।यानी विश्वविद्यालय परिसर और पुस्तकालय सभी छात्रों के लिए बंद रहेंगे। अगली सूचना तक यूजी एवं पीजी की कक्षाएं ऑनलाइन मोड में ही जारी रहेंगी। साथ ही 21 जनवरी तक विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों के लिए वर्क फ्रॉम होम का नियम लागू रहेगा। किसी को स्टेशन छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। अत्यावश्यक कार्यों के लिए वित्त एवं रजिस्ट्रार कार्यालय खुलेंगे। वहीं, मंत्रालय से आने-जाने वाले सभी ईमेल का तत्परता से जवाब देना होगा। इंजीनियरिंग विभाग का कार्य यथावत चलेगा और हाउस कीपिंग की जरूरी सेवाएं काम करेंगी।

### विश्वविद्यालय के सभी विभाग भी रहेंगे बंद

नौ जनवरी को नोटिफिकेशन जारी होने के बाद विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रमों में ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। शनिवार को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार विश्वविद्यालय बंद होने के कारण सभी विभाग भी बंद रहेंगे, सो पीजी की प्रवेश प्रक्रिया भी स्थगित रहने के आसार हैं। वहीं, प्रवेश भवन के खुलने की भी कोई उम्मीद नहीं है। ऐसे में यूजी के प्रवेश भी फंसेंगे। पिछले नोटिफिकेशन के बाद दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावित मेडिकल परीक्षण और स्पोर्ट्स कोटा का प्रवेश भी अग्रिम सूचना तक स्थगित कर दिया गया था। वहीं, संघटक महाविद्यालयों ने भी यूजी और पीजी में ऑफलाइन प्रवेश प्रक्रिया स्थगित कर दी थी। ऐसे में महाविद्यालयों में भी यूजी एवं पीजी के ऑफलाइन प्रवेश फंसेंगे। इविवि की पीआरओ डॉ. जया कपूर के अनुसार रजिस्ट्रार के नोटिफिकेशन के अनुसार 21 तक विश्वविद्यालय बंद रहेगा।

## निदेशालय ने वापस भेजीं कला विषय के चयनितों की फाइलें

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजकीय विद्यालयों में कला विषय में एलटी ग्रेड शिक्षक के पदों पर चयनित 90 अभ्यर्थियों की नियुक्ति फंस गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की संस्तुति से संबंधित फाइलें वापस भेज दी हैं। अर्हता के विवाद में भर्ती प्रक्रिया काफी समय से अटकी हुई हैं। आयोग ने 15 विषयों में एलटी ग्रेड शिक्षकों के 10768 पदों पर भर्ती के लिए 29 जुलाई 2018 को परीक्षा आयोजित की थी। इनमें कला विषय में एलटी ग्रेड शिक्षक के 470 पद शामिल थे। पुरुष वर्ग के 192 और महिला वर्ग के 278 पद थे। कला विषय के लिए जो अर्हता निर्धारित की गई थी, उसके अनुसार बैचलर ऑफ फाइन आर्ट (बीएफए) एवं बीएड या कला से स्नातक एवं बीएड डिग्रीधारी ही आवेदन कर सकते थे, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों ने भी आवेदन कर दिए, जिनके पास बीएफए की डिग्री तो थी, लेकिन उन्होंने बीएड नहीं किया था। लिखित परीक्षा में ऐसे 90 अभ्यर्थियों का चयन भी हो गया। हालांकि अर्हता पूरी न करने के कारण आयोग ने इनकी नियुक्ति की संस्तुति नहीं भेजी, लेकिन अभ्यर्थियों ने जब दावा किया कि वह शिक्षक बनने की अर्हता रखते हैं तो आयोग ने नेशनल कौंसिल फॉर टीचर एजूकेशन (एनसीटीई) से सलाह मांगी। एनसीटीई की ओर से स्पष्ट किया गया कि केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों में केवल बीएफए की डिग्री वाले वाले अभ्यर्थियों को भी पढ़ाने के लिए अर्ह माना जाता है। बीएफए डिग्रीधारी भी कला विषय में शिक्षण कार्य के लिए प्रशिक्षित मान जाते हैं, क्योंकि यह चार वर्षीय डिग्री कोर्स है और इसमें प्रशिक्षण भी शामिल है।छह माह पहले भेजी थीं फाइलें एनसीटीई से सलाह लेने के बाद अर्हता का विवाद दूर होने पर आयोग ने छह माह पहले माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को इन 90 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की संस्तुति भेज दी थी, जिसके बाद निदेशालय ने शासन को पत्र भेजकर अर्हता से संबंधित दिशा-निर्देश मांगे थे। सूत्रों का कहना है कि शासन की ओर से स्थिति स्पष्ट न किए जाने से अब निदेशालय ने आयोग को फाइलें वापस भेज दी हैं। ऐसे में अभ्यर्थियों की नियुक्ति फंस गई है। प्रतियोगी छात्र मोर्चा के अध्यक्ष विक्की खान का कहना है कि जब एनसीटीई ने अभ्यर्थियों को अर्ह माना है तो निदेशालय को फाइलें वापस नहीं करनी चाहिए थीं। विक्की खान ने मांग की है कि चयनितों को नियुक्ति शीघ्र प्रदान की जाए।

### ढाई सौ अभ्यर्थियों का निरस्त हो चुका है चयन

कला विषय में एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती के लिए बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों ने भी आवेदन किए थे, जिनके पास इंटरमीडिएट में प्राविधिक कला विषय था और वे सामान्य रूप से स्नातक थे। उनके पास बीएफए और बीएड दोनों डिग्री नहीं थी। ऐसे तकरीबन ढाई सौ अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा में चयन हो गया था। अर्हता पूरी न करने के कारण आयोग ने बाद में इनका चयन निरस्त कर दिया था।

# अब खून की कमी से नहीं जाएगी मरीजों की जान : कौशलेन्द्र मिश्र

## अजीत नगर में ब्लड सेंटर का हुआ उदघाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के अजीत नगर में शनिवार को ब्लड सेंटर का उद्घाटन किया गया। वैदिक मंत्रों संग पूजन के उपरांत ट्रस्ट के संस्थापक कौशलेन्द्र मिश्र ने फीता काटकर ब्लड सेंटर का उद्घाटन किया।

उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कौशलेन्द्र मिश्र ने कहा कि पहले खून की कमी होने पर मरीजो की जान पर खतरा आ जाता था। परिजनों को प्रयागराज और लखनऊ तक खून के लिए भटकना पड़ता था। परंतु अब जिले में ब्लड सेंटर की स्थापना होने से लोगो को खून की समस्या नही होने पाएगी। ब्लड सेंटर के संचालक सर्वेश मिश्रा ने बताया कि किसी भी आयु वर्ग का स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। इस ब्लड सेंटर पर 24 घण्टे खून की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। जिस किसी भी मरीज को रक्त की आवश्यकता होगी वह चिकित्सक के पर्चे के साथ किसी भी समय रक्त प्राप्त कर सकता है। उद्घाटन के पश्चात ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में युवाओं ने जरूरत मन्दों के लिए 40 यूनिट रक्तदान किया।



अजीत नगर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते लोग।

इस मौके पर डा आरडी द्विवेदी, डा प्रमोद त्रिपाठी, डा महफूज आलम, डा शमीम खान, पूर्व एसएलटी रमेश यादव, एस एस अंतु अनिल कुमार दुबे, क्रिकेट कोच आदित्य शुक्ल, बच्चा सिंह मैनेजर रूमा हॉस्पिटल, अवकाश सिंह, हिमांशु शुक्ल, निर्मल पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## साथी के सरकारी अधिवक्ता बनने पर खुशी, हुआ सम्मान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील सभागार मे वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी के शासकीय अधिवक्ता के पद पर चयन को लेकर साथियों ने प्रसन्नता जताई। संयुक्त अधिवक्ता संघ की ओर से शासकीय अधिवक्ता मे चयनित हुए साथी का अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे बोलते हुए हरिशंकर द्विवेदी ने स्थानीय तहसील एवं दीवानी न्यायालय के साथी अधिवक्ताओं के मिले सहयोग के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने सम्मान समारोह का संयोजन किया। इस मौके पर अनिल महेश, दिनेश मिश्र, अजय शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, गया प्रसाद मिश्र, सुशील शुक्ल, अमरनाथ यादव, सुमित त्रिपाठी, मस्तराम पाल, सोमनाथ मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ल, मनोज शुक्ल, विनोद शुक्ल, संजय सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, शहजाद अंसारी, विपिन शुक्ल, सुधाकर मिश्र, मनीष तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

# देश के कई हिस्सों मे आईईडी विस्फोटक बरामदगी चिंताजनक : प्रमोद तिवारी

## बाबा घुइसरनाथ में लोकमंगल की कामना के लिये माथा टेका

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने देश की आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र मे भी मोदी सरकार पर गैरजिम्मेदारानापन का तीखा हमला बोला है। सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के ज्वलंतशील हिस्सों मे आईईडी विस्फोटक बरामदगी को चिंताजनक ठहराया।

शनिवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर लालगंज पहुंचे मीडिया से मुखातिब होते श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की अक्षमता से जनता थोक मंहगाई मे लगातार बढोत्तरी के सूचकांक से चिन्तित नजर आ रही है। उन्होने कहा कि पिछले तेईस महीने में खाद्यान्न पदार्थो मे मंहगाई आठ गुना ज्यादा बढ़ गयी है। वहीं दूसरी तरफ प्रमोद तिवारी ने विदेशी मुद्रा भण्डार मे भी घटोत्तरी को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती कहा है। मकर संक्रान्ति पर प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन के जरिये स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से लोक कल्याण की कामना की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, लालगंज प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, दृगपाल यादव आदि रहे।



बाबा घुइसरनाथ मे लोकमंगल की कामना करते प्रमोद तिवारी।

# बायो रेमिडियेशन के लिये वैज्ञानिक अधिकारी ने लिया नमूना

## सई नदी में गिरने वाले नालों के पानी की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये हो रहा काम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश के क्रम में नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह एवं अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशानुसार सई नदी में गिरने वाले चारों नालों पर बायो रेमिडीयेशन के कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय रायबरेली के वैज्ञानिक अधिकारी मनीष त्रिपाठी की देख रेख में नगर पालिका बेला प्रतापगढ़ द्वारा संचालित बायो रेमिडीयेशन के चारों नालों का नमूना लिया गया।

बता दें कि नगर पालिका द्वारा विगत दो वर्षों से बायो रेमिडीयेशन का कार्य सई नदी में गिरने वाले चारों नालों पर कराकर नदी के पानी के गुणवत्ता में सुधार किया जा रहा है। मनीष त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि बायो रेमिडीयेशन का नियमित रूप से प्रति सप्ताह क्षेत्रीय कार्यालय रायबरेली द्वारा नमूना लिया जाता है। नमूने के परिणाम बायो रेमिडीयेशन के बाद पानी के गुणवत्ता (सी०ओ०डी०, बी०ओ०डी०) में गुणात्मक सुधार पाया गया है। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि नगर क्षेत्रांगत ग्रीन वे टेक्नोलॉजी गाजियाबाद द्वारा सई नदी में गिरने वाले चारों नालों पर बायो रेमिडीयेशन का काम विगत दो वर्षों से किया जा रहा है। जिसका पर्यवेक्षक का कार्य राज कुमार पटेल द्वारा किया जाता है। नमूना लेते समय स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्र, डी०पी०एम० वरुण कुमार सिंह तथा सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह एवम प्रशांत सिंह उपस्थित रहे।



नाले के पानी का नमूना लेते वैज्ञानिक अधिकारी की टीम।

## मकर संक्रांति पर हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति के अवसर पर पट्टी तहसील क्षेत्र के सदहा बाजार में सामाजिक समरसता खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के सभी वर्ग के लोगों ने एकसाथ मिल बैठकर खिचड़ी खाई। इस अवसर पर मुरारी यादव ने कहा कि मकर संक्रांति जंहा वैज्ञानिक चेतना और आस्था और श्रद्धा का त्योहार है वही सामाजिक समरसता का भी पर्व है। इस अवसर पर पीपी यादव, पंकज यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बीबीएफजी का कैम्प आज

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वावधान में कोरोना रोधी टीकाकरण कैम्प का आयोजन 16 जनवरी को किया गया है। ग्रुप के सहयोगी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि कैम्प डेंटल केयर सेंटर आदर्श नगर दिव्यांग स्कूल के सामने लगेगा।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 220 लीटर देसी शराब के साथ 12 अभियुक्त गिरफ्तार

## आगामी विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने चलाया अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आगामी विधानसभा चुनाव, 2022 को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध/अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने व अवैध शराब के निर्माण/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में बीती रात्रि को अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 220 लीटर अवैध देसी शराब के साथ 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

थाना जेठवारा से 110 लीटर अवैध देसी शराब के साथ 06 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसमें शिवराम सरोज पुत्र रामदेव सरोज निवासी शीतल पाण्डेय का पुरवा थाना जेठवारा 15 लीटर अवैध देसी शराब, अरविन्द कुमार प्रजापति पुत्र रामढेर प्रजापति निवासी पूरे सुरेमन, भावनपुर थाना जेठवारा 15 लीटर अवैध देसी शराब, प्रद्युमन कुमार वर्मा पुत्र अमरनाथ वर्मा निवासी बरापुर भीख थाना जेठवारा 20 लीटर अवैध देसी शराब), भाईलाल वर्मा पुत्र मोतीलाल वर्मा निवासी बरापुर भीख थाना जेठवारा 20 लीटर अवैध देसी शराब, छोटेलाल सरोज पुत्र छुरई सरोज निवासी पतुलकी थाना जेठवारा 20 लीटर अवैध देसी शराब, रामसिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी रायपुर खुर्द थाना जेठवारा 20 लीटर अवैध देसी शराब बरामद किया गया। थाना हथिगवां से 40 लीटर अवैध देसी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार किये गये, जिसमें तीरथलाल पुत्र अमृतलाल निवासी जहानाबाद थाना हथिगवां व पूजा सरोज पुत्री रामकिशुन सरोज निवासी मेहरबान का पुरवा नौबस्ता थाना हथिगवां शामिल रहीं। थाना फतनपुर से 40 लीटर अवैध देसी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार किये गये जिसमें संदीप कुमार पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम करका थाना फतनपुर व इस्तियाक पुत्र मो0 शहजादे निवासी ग्राम सुवंसा थाना फतनपुर शामिल रहे। थाना बाघराय से 20 लीटर अवैध देसी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया जिसमें हरि प्रसाद सरोज उर्फ गोकुल पुत्र नन्हेलाल निवासी मण्डल भासो, थाना बाघराय शामिल रहा। थाना नवाबगंज से 10 लीटर अवैध देसी शराब के साथ एक अभियुक्ता गिरफ्तार की गई जिसमें तारा देवी पत्नी राजेश सरोज निवासी मद्दूपुर थाना नवाबगंज शामिल रही।

## ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कंधई थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर खूसा का पुरवा में बीती रात ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चोर गहने रखे अलमारी को लेकर फरार हो गये। सुबह जब इसकी जानकारी व्यापारी को हुई तो वह अवाक रह गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उधर लोगों के अंदर यह आक्रोश है कि रात में पुलिस गश्त नहीं कर रही है जिसकी वजह से आए दिन कंधई क्षेत्र में व्यापारी चोरों के निशाने पर आ रहे हैं। विगत एक माह से इस तरह की घटनाएं बढ़ी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज की जाए जिससे व्यापारी व आम आदमी सुरक्षित रह सके। लोगों ने घटना का खुलासा किये जाने की मांग की है।

## एएसपी ने पट्टी में थानाध्यक्षों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विधानसभा चुनाव-2022 के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह पट्टी कोतवाली में तीनों थानाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक किया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने सभी थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी करने वाले अराजकतत्वों को चिन्हीकरण करके उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का आदेश भी दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पट्टी नंदलाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक आसपुर देवसरा, सर्वेश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## मकर संक्रान्ति पर श्रद्धालुओं में उत्साह

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मकर संक्रान्ति के पर्व पर धार्मिक स्थलों पर लोगों ने दर्शन-पूजन कर खिचड़ी दान किया। वहीं घरों मे भी भगवान् सूर्य का जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने खिचड़ी दान मे उत्साह दिखाया। बाबा घुइसरनाथ धाम मे सुबह से ही श्रद्धालुओं का मकर संक्रान्ति पर दर्शन पूजन को लेकर उत्साह छलका दिखा। हालांकि बाबा धाम मे दर्शन पूजन करने आये श्रद्धालुओं को मॉस्क के साथ ही प्रवेश दिया गया। मकर संक्रान्ति पर गंगा स्नान के लिए भी आने जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण स्थानीय चौक पर यातायात व्यवस्था मे स्थानीय पुलिस भी मशक्कत करती दिखी।

## ट्रेन मैनेजर नाम घोषित होने से गार्डों में खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ट्रेन के गार्ड अब ट्रेन मैनेजर के नाम से जाने जायेंगे। 13 जनवरी को रेलवे बोर्ड ने इस आशय का पत्र जारी किया तो गार्डों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। प्रतापगढ़ स्टेशन पर गार्डों ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। उनका कहना है कि वह रेलवे बोर्ड के फैसले से काफी खुश हैं। बता दें कि गार्डों के ऊपर बहुत सारी जिम्मेदारी होती है। वह ट्रेनों के संचालन संबंधी जिम्मेदारियों का बोझ उठा रहे हैं। उनके लिए गार्ड शब्द का प्रयोग ऐसा लग रहा था जैसे कोई सिक्योरिटी से जुड़ा हुआ व्यक्ति हो। इस मौके पर बीके तिवारी, अनीश, दिग्विजय सिंह, दद्दन, एसके यादव, अमित यादव, अमित पांडे समेत कई गार्डों ने मिठाई बांटी और खुशी का जाहिर किया है।

# लूट की योजना बना रहे तीन शातिर लुटेरे अभियुक्त गिरफ्तार

## लूट के 3400 रुपये, तमंचा, व लूट की घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 राजेश कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के भूपियामऊ पुल के पास से तीन शातिरा लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा, एक अदद जिन्दा कारतूस, लूट के 3400 रुपए व लूट की घटना में प्रयुक्त एक अपाचे मोटर साइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंकित मिश्रा पुत्र अरूण प्रसाद मिश्रा नि0 खमपुर, दूबे की पट्टी थाना रानीगंज, सोमेश मिश्रा उर्फ दीपक पुत्र रवीन्द्र कुमार मिश्रा नि0 नरहरपुर थाना रानीगंज व विष्णु तिवारी पुत्र श्याम सुन्दर तिवारी नि0 तिगुनाइतपुर थाना कोतवाली नगर शामिल रहे। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों का एक गिरोह है, हम लोग आसपास के क्षेत्रों में आते जाते लोगों व बैंक/टाइनी शाखा के कर्मचारियों की रैकी करके तमन्चा दिखाकर डरा धमकाकर उनका सामान/पैसा/मोबाइल आदि छीन लेते हैं। बरामद पैसों के बारे में बताये कि 10 जनवरी को इलाहाबाद की तरफ से आ रहे एक व्यक्ति को तमन्चा दिखाकर रूपया व मोबाइल छीन लिये थे, जिसमें चार हजार रू0 मिले थे जिसे हम लोग आपस में बांट लिये थे तथा मोबाइल को फेंक दिये थे। 24 नवम्बर 2021 को टाइनी शाखा संचालिका के साथ भूपियामऊ पुल पर लूट का प्रयास किये थे किन्तु राहगीरों के आ जाने के कारण भाग गये थे। आज पुनः लूट करने के इरादे से इकट्ठा हुए थे कि आप लोगों ने हमे पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताये गये अन्य तथ्यों के सम्बन्ध में गहराई से छानबीन व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस टीम में उ0नि0 राजेश कुमार शुक्ला, उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, आरक्षी विजय चौहान, आरक्षी प्रशान्त कुमार यादव व आरक्षी सुनील कुमार थाना कोतवाली नगर शामिल रहे।



भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते फूलचंद्र मिश्रा।

## बसपा सुप्रीमो मायावती का मना जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन के अवसर पर 249 विधानसभा पट्टी के बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी फूलचंद मिश्रा ने बाबा बेलखरनाथ धाम के कई गांवों में जनसंपर्क करके पार्टी की विचाराधारा को लोगों के सामने रखा। इस दौरान बाबा बेलखरनाथ धाम के मौलानी, दुलापुर, खूझीकला, सोनाही, बिबियाकरनपुर, गोलापुर आदि गांव में क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने लोगों से बहुजन समाज के हित और कल्याण के लिए विधानसभा चुनाव में जुट जाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने डा0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा बहन मायावती के जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनाई।

# गरीबों एवं असहायों को बाटे गये कम्बल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** समूचे उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा गरीबों एवं असहायों के लिए अवधेशपुरम, ऐंठू में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कम्बल वितरण कार्यक्रम में आये हुए सभी व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज सेवा सबसे पुनीत कार्य है, गरीबों एवं असहायों की मदद करके मन को परम शांति प्राप्त होती है। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार सिंह ने कहा कि सक्षम फाउण्डेशन की ही भॉति हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार असहायों की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर सक्षम फाण्डेशन के स्वयं सेवक मनीष सिंह, ओम प्रकाश मिश्र, पुष्पेंद्र सिंह तथा आगन्तुकों में जीत लाल, मस्ते, रिंकू सिंह, शानू कुमार, अरूण शुक्ला, गीता देवी एवं सन्तलाल आदि लोगों ने भाग लिया।



असहायों को कम्बल वितरित करते अध्यक्ष रणजीत सिंह।

## डॉ0 दयाराम बने अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन समिति के अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार व बौद्ध चिन्तक डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न को अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया है। ज्ञातव्य है कि उक्त आयोजन अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक परिषद के स्वीकृत व अनुमोदन पर आगामी 05 व 06 अप्रैल 2022 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आयोजन लखनऊ में आयोजित किया जाना है, जिसमें लगभग 35 देशों को विद्वान बौद्ध भिक्षु प्रतिभाग करेंगे। उनके अध्यक्ष घोषित होने पर राकेश कन्नौजिया, उमेश चन्द्र, राम सजीवन बब्बू, दिनेश कुमार, आनन्द मोहन ओझा, अनिल कुमार निलय, वेद प्रकाश, बहन लीलावती, सी0 पी0 राव, मनीष रंजन, शिवेश शुक्ल, संजय कुमार, राजीव आर्य, गया प्रसाद स्वावलंबी, अवधेश सरोज, श्रीनाथ मौर्य, सुरेंद्र विमल व राहुल देव ने प्रसन्नता जताई है।



डा0 दयाराम मौर्य।

## प्राचार्य प्रो0 अखिलेश पाण्डेय बने महामंत्री

अखंड भारत संदेश



**पट्टी, प्रतापगढ़।** प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज के चारों जनपदों के अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने ऑनलाइन गूगल मीटिंग के द्वारा आज प्राचार्य परिषद का गठन किया। बैठक में महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय फतेहपुर के प्राचार्य प्रो बृजेंद्र सिंह को अध्यक्ष तथा स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी प्रतापगढ़ के प्राचार्य प्रो अखिलेश पांडे को महामंत्री चयनित किया गया। लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा प्रयागराज के प्रो एस पी विश्वकर्मा एवं भवंस मेहता स्नातकोत्तर महाविद्यालय भरवारी के प्राचार्य प्रो प्रमोद श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष तथा महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज प्रयागराज की प्राचार्या प्रो अमिता शुक्ला को संयुक्त मंत्री एवं मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकाकर प्रतापगढ़ के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव को प्रांतीय प्रतिनिधि नियुक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### भवन निर्माण में बाधक माफिया की शिकायत पर जांच शुरू

**भवन स्वामी के मकान में अवरोध ना डालने के बदले में पांच लाख रुपए की डिमांड कर रहा माफिया**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के लल्लू साहू का मंझनपुर मुख्यालय में मकान जमीन है उनकी जमीन पर कुछ माफिया उन्हें निर्माण नहीं करने दे रहे हैं लल्लू साहू का आरोप है कि मकान निर्माण में अवरोध डालकर माफिया पांच लाख रुपए की डिमांड कर रहे हैं और माफियाओं की डिमांड नहीं पूरी की गई तो तरह-तरह से झूठे अवरोध डालकर भवन निर्माण नहीं करने दे रहे हैं लल्लू साहू ने मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से भी की थी लेकिन माफिया के दबाव में लल्लू साहू को न्याय नहीं मिल सका 20 दिसंबर को पीड़ित लल्लू साहू फिर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बेटे योगेश मौर्य से मुलाकात करते हुए माफिया के कारनामे को बताते हुए माफिया पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और मुकदमे में व्यवधान को खत्म कराए जाने की मांग की लल्लू साहू की फरियाद को सुनकर डिप्टी सीएम के पुत्र ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कहां है कि वह लल्लू साहू के भवन निर्माण में अवरोध डालने वाले माफिया और मकान निर्माण के बदले 5 लाख रुपए की डिमांड करने वाले माफिया पर मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही करें डिप्टी सीएम के पुत्र द्वारा भेजे गए पत्र पर भी 20 दिन से अधिक बीत जाने के बाद माफिया पर कार्यवाही नहीं हो सकी है डिप्टी सीएम के पुत्र द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र को पुलिस ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है जिससे पीड़ित लल्लू साहू को अभी तक न्याय नहीं मिल सका है डिप्टी सीएम के पुत्र के पत्र को ठंडे बस्ते में डालने वाली पुलिस के कारनामे को आला अधिकारियों ने संज्ञान लिया तो पुलिस पर बड़ी कार्यवाही हो सकती है।

# प्रत्याशी घोषित होते ही डिप्टी सीएम के आवास पर लगा समर्थकों का जमावड़ा

**चायल विधायक संजय गुप्ता के कार्यालय में योगी मोदी केशव मौर्या जिंदाबाद भाजपा जिंदाबाद भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठे, समर्थकों ने पटाखे फोड़े मिठाइयां बांटी**



f

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सिराथू विधानसभा क्षेत्र से फिर भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कशिया पश्चिम स्थित उनके आवास पर समर्थकों का जमावड़ा लग गया है। केशव प्रसाद मौर्या जिंदाबाद भाजपा जिंदाबाद भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज रहे हैं डिप्टी सीएम के आवास में समर्थकों ने जश्न में पटाखे फोड़े हैं मिठाइयां खिलाकर समर्थकों ने जश्न मनाया है केशव प्रसाद मौर्या के प्रत्याशी बनाए जाने की जानकारी मिलते ही विधानसभा सिराथू क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जिले में जश्न का माहौल है चायल विधायक संजय गुप्ता के भरवारी सराय अकिल कार्यालय में भी केशव प्रसाद मौर्य के सिराथू विधानसभा से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद जश्न का माहौल रहा समर्थकों ने पटाखे फोड़े हैं चायल विधायक कार्यालय में मिठाइयां बांटी गई है भारत माता जय योगी मोदी केशव प्रसाद मौर्या भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए गए हैं पूरे जिले में केशव प्रसाद मौर्य के प्रत्याशी बनाए जाते ही जश्न का माहौल है।



सीएम के सिराथू से प्रत्याशी घोषित होने की खुशी में विधायक संजय गुप्ता को मिठाई खिलाते समर्थक

## सिराथू से केशव प्रसाद मौर्य के प्रत्यासी घोषित होने से बढ़ा कार्यकताओं में उत्साह : विधायक संजय गुप्ता

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को कौशाम्बी के सिराथू विधानसभा 251 से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने केंद्रीय कार्यालय भरवारी में लोगो को मिठाई खिलाकर मुँह मीठा किया साथ ही केशव प्रसाद मौर्य मोदी-योगी भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद के नारे लगाए इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री दीपचंद्र दिवाकर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अशोक केशरवानी पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सूरज यादव,युवा मोर्चा जिला महामंत्री हर्ष केशरवानी, सेक्टर संयोजक वेदान्त उपाध्याय,सुधीर केशरवानी,सत्यम कौशल,उपांसु केशरवानी शंकर केशरवानी पंकज केशरवानी भगौती सरोज बच्चा केशरवानी धीरज चौरसिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## केशव मौर्या के भजपा से प्रत्यासी घोषित होते ही समर्थकों ने दागे पटाखे, बांटी मिठाई

**नगर पंचायत अझुवा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी जश्न**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** विधान सभा चुनाव 2022 का बिगुल बच चुका है सभी पार्टियां अपने अपने जिताऊ प्रत्यासी चुनावी समर में उतार रही हैं। संशय हुआ खत्म अपने गृह क्षेत्र सिराथू विधान सभा से लोकप्रिय जनप्रिय जनसेवक सिराथू के लाल केशव प्रसाद मौर्य उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री के चुनाव लड़ने की अधिकृत सूचना से नगर पंचायत अझुवा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पटाखे दागकर भरतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी है समर्थकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या हमारे सिराथू विधान सभा से चुनाव लड़ेंगे जश्न मनाने के अवसर पर प्रशांत केसरवानी, आकाश मौर्य, एस पी मौर्य, जगदीश केसरवानी, पंडित आलोक मिश्र,शीलू विश्वकर्मा, उमेश मौर्य करन सिंह ,अदित केसरवानी सहित तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सिराथू विधानसभा से केशव प्रसाद मौर्य 2012 में चुनाव लड़े थे जिसमें अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बसपा प्रत्यासी आनंद मोहन पटेल निवासी कनैली को हराकर भारतीय जनता पार्टी को जिताकर एक मात्र मंडल में विधायक बने थे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के सिराथू विधानसभा से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद जब भाजपा विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल से पत्रकारों ने उनके टिकट कटने की बात पूँछी तो उन्होंने कहा पार्टी का निर्णय हमारा निर्णय है। हम केशव प्रसाद मौर्य के साथ हैं।



अझुवा में जश्न मनाते भाजपाई

## बसपा के गढ़ सपा की आंधी में केशव मौर्या ने गाड़ा था भाजपा का झंडा

अखंड भारत संदेश



**सिराथू विधानसभा से केशव मौर्या के भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर चारों ओर जश्न का माहौल**

**2012 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने नहीं व्यक्तिगत केशव मौर्या ने जीता था सिराथू विधानसभा से विधायक का चुनाव**

**कौशांबी।** सिराथू विधानसभा सीट से वर्ष 2012 में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराते हुए जीत दर्ज किया था वर्ष 2012 में केशव प्रसाद मौर्य की जीत भारतीय जनता पार्टी की जीत नहीं बल्कि उनके व्यक्तिगत व्यवहार की जीत थी केशव प्रसाद मौर्य ने अपने व्यक्तित्व के बल पर 2012 में सिराथू विधानसभा सीट पर जीत दर्ज कर भाजपा का गौरव बढ़ाया था वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में पूरे इलाहाबाद मंडल में अकेले केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के चुनाव चिन्ह से जीते थे। कौशांबी की तीनों विधानसभा सीट सिराथू मंझनपुर चायल 25 वर्षों से बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता रहा है और कौशांबी जिले के सिराथू मंझनपुर चायल विधानसभा सीट पर मायावती ने जिस व्यक्ति को प्रत्याशी घोषित कर दिया था उसकी जीत सुनिश्चित हो जाती थी 2012 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी की जोरदार लहर चल रही थी चुनाव के नतीजों में अखिलेश यादव ने भारी बहुमत से जीत दर्ज कर सूबे में सरकार बनाई थी विरोधी लहर के बाद भी बसपा के गढ़ में केशव प्रसाद मौर्य ने 2012 में भाजपा की जीत का परचम लहराया था वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में सिराथू विधानसभा क्षेत्र भाजपा के लिए बंजर के समान था उस समय केशव प्रसाद मौर्य ने व्यक्तित्व के बल पर जीत दर्ज कर भाजपा कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया था वर्तमान में तो पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है जिधर देखो भारत माता की जय वंदे मातरम योगी मोदी जिंदाबाद के नारे गूंज रहे हैं और वर्तमान में भाजपा की लहर में सिराथू विधानसभा से केशव प्रसाद मौर्या के प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद विरोधी दल के संभावित प्रत्याशियों में बेचैनी बढ़ गई है विरोधी खेमे का मानना है कि बसपा के गढ़ कौशांबी में सपा की चल रही आंधी में जब केशव प्रसाद मौर्य ने 2012 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहराया था तो इस बार केशव के सामने सपा बसपा कांग्रेस सहित अन्य दल के प्रत्याशी कैसे टिकेंगे इस बात को लेकर जहां विरोधी खेमे में बेचैनी मची हुई है वहीं भाजपा कार्यकताओं में उत्साह दिखाई पड़ रहा है।

## न्यूज झरोखा

### जन जन की समस्या के समाधान के लिए करूंगा संघर्ष : सुशील जयहिंद



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के चायल विधानसभा के प्रत्याशी सुशील जयहिंद ने शनिवार को चायल विधानसभा के भरवारी कस्बे में जनसंपर्क किया और लोगों से आने वाले चुनाव में समर्थन करने की अपील की। इस अवसर पर पार्टी के तमाम कार्यकताओं एवं लोगों को संबोधित करते हुए सुशील जयहिंद एडवोकेट ने कहा कि अगर चायल विधानसभा के लोगों ने विधायक बनाया तो पूरे विधानसभा के जन जन के लिए संघर्ष करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि आज चायल विधानसभा का विकास अवरुद्ध है और लोग परेशान हैं। किसानों का न तो धान बिक रहा है न ही गरीबों को न्याय मिल रहा है। लोग भ्रष्टाचार से परेशान हैं और कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसे में लोगों ने इस बार किसानों एवं नवजवानों के लिए संघर्ष करने वाले गरीब के बेटे को विधायक बनाया तो पूरे पांच सालों तक मै क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा संघर्ष करूंगा और चायल क्षेत्र का विकास करूंगा। इस अवसर पर अजय सोनी, प्रेम चन्द्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, मनोज सिंह, राम किशोर पाल, राजू सोनकर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### चायल के बलीपुर टाटा में समाजसेवियों ने वितरित किए गरीबो को कम्बल



**कौशांबी।** कंप कपाती ठंड में गरीब कमजोर मजलूम असहाय विकलांग बूढ़े जरूरतमंद लोगों को समाजसेवी लोगों ने कंबल वितरण कर उनकी जरूरत पूर्ण करने का प्रयास किया है विकासखंड चायल के ग्राम सभा बलीपुर टाटा में 120 से अधिक कंबल का वितरण ग्राम वासियों को किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पर्व पर सुरेंद्र कुमार मिश्रा विनय कुमार त्रिपाठी, सतीश कुमार त्रिपाठी के द्वारा गरीब कमजोर मजलूम बूढ़े विकलांग असहाय जरूरतमंद ग्रामवासियों को कम्बल दिया गया है इस मौके पर 120 से अधिक लोगों को कम्बल दे कर उन्हें राहत दी गई है जिसके साथ ही सहयोगी डॉक्टर शिव मोहन त्रिपाठी, दिलीप कुमार त्रिपाठी रामनरेश त्रिपाठी, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, डॉ विजय कुमार त्रिपाठी सभी गणमान्य व्यक्तियों के साथ इस कम्बल वितरण आयोजन को सफल बनाया गया।

### मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव को भारत निर्वाचन ने दी अनुमति

**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जनपद में सम्मिलित 252-मंझनपुर (अ0ज0) एवं 253-चायल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के भेजे गये मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग ने अनुमोदित कर दिया है। उन्होंने बताया कि 252-मंझनपुर (अ0ज0) के 289-पंचायत भवन मझियारी चक ऐलई रोशन तथा 253-चायल के 27-पंचायत भवन मारूफपुर कक्ष सं0-01, 28-पंचायत भवन मारूफपुर क0सं0-02 एवं 100-प्राथमिक विद्यालय सैयद सरांवा प्रथम संशोधित मतदेय स्थल हैं।

### 30 दिनों के अन्दर कराएं अपने यान के पंजीयन का नवीनीकरण

**कौशाम्बी।** पंजीयन अधिकारी मोटर वाहन विभाग तारकेश्वर मल्ल ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद में पंजीकृत ऐसे समस्त गैर परिवहन यान जो पंजीयन तिथि से 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकें हैं, उन सभी को सूचित किया गया था कि वे 30 दिनों के अन्दर अपने यान के पंजीयन का नवीनीकरण निर्धारित प्रक्रियानुसार करायें। उन्होंने बताया है कि 30 दिनों के उपरान्त भी अधिकांश वाहनों का पुनः पंजीयन नहीं कराया गया है। तात्कालिक प्रभाव से मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-53 की उपधारा-01 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी 06 माह के लिए पंजीयन निलम्बित कर दिये हैं।



सरकार की उपलब्धियों का पर्चा बाटते भाजपाई

### भाजपा संग लाभार्थी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा किया बांटे पत्रक

**अझुवा कौशाम्बी।** भरतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने भाजपा संग लाभार्थी परिवार संपर्क अभियान के तहत ग्राम सभा कनवार में पहुंचकर लाभार्थियों को कुमकुम का टीका लगाकर सम्मान कर लाभार्थियों से भारतीय जनता पार्टी के निःशुल्क सदस्यता नम्बर 7505403403 पर मिस्ड कॉल अनुमति लेकर लाभर्थियों के घर के बाहर स्टीकर लगाया है इस दौरान सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों की चर्चा कर पत्रक बांटा है प्रशांत कुमार केसरवानी शिव प्रताप मौर्य ने सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि सिराथू क्षेत्र में इतना विकास के कार्य हुए हैं जो आजादी के बाद से कभी नही हुआ चाहे सड़कों का जाल, कनवार में रेलवे अंडर पास, धुमाई रेलवे क्रासिंग पर उपरिगामी सेतु निमार्णाधीन सिराथू में रेलवे उपरिगामी पुल का निर्माण,सिराथू और कड़ा स्वस्थ्य केंद्रों में ऑक्सीजन प्लांट बेघरों के लिए प्रधानमंत्री आवास किसानों को सहायता राशि,बिजली की उपलब्धता रही है इस दौरान शिवप्रताप मौर्य ने लोगो के सुझाव भी नोट किया है अभियान के तहत प्रशांत केसरवानी शिव प्रताप मौर्य उमेश विश्वकर्मा फूलचंद प्रजापति नीलू पांडे ने कनवर ग्राम सभा में घर घर जाकर संपर्क कर पार्टी के लिए आशीर्वाद मांगा है।

## डीएम-एसपी ने किया अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च

**डीएम व एसपी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की**

अखंड भारत संदेश



अर्धसैनिक बल जवानों के साथ अझुवा नगर भ्रमण करते डीएम एसपी

**अझुवा कौशाम्बी।** विधानसभा 2022 चुनाव की घोषणा होते ही निर्वाचन क्षेत्रों को अर्धसैनिक बलों के हवाले कर दिया गया है जिले की तीनों विधानसभा सीटें सिराथू मंझनपुर चायल की स्थितियों की जांच पड़ताल और लोकेशन अर्ध सैनिक बल के जवान ले रहे हैं। उसी परिप्रेक्ष्य में सिराथू विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील क्षेत्र के रूप में शुमार परास,सांखा बरीपुर, धुमाई, लोहदा, कनवार गांव सहित नगर पंचायत अझुवा आदि स्थानों पर जिला अधिकारी सुजीत कुमार पुलिस कप्तान राधेश्याम विश्वकर्मा के नेतृत्व में अर्धसैनिक बल के जवान और स्थानीय कोतवाली पुलिस के जवानों ने क्षेत्र में पैदल मार्च कर शांतिपूर्ण और सकुशल चुनाव संपन्न करवाने हेतु पैदल भ्रमण किया है इस दौरान जिला अधिकारी और पुलिस कप्तान राधेश्याम विश्वकर्मा ने आम जनमानस से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की साथ ही आगामी चुनाव में निडर होकर बढ़-चढ़कर मतदान करने की बात कही चुनाव में जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया है साथ ही अपराधी प्रवृत्ति वाले लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव के दरम्यान यदि किसी प्रकार की असंवैधानिक गतिविधि या कार्य करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी इस दौरान गांव चौराहे बाजार में फ्लैग मार्च निकालकर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास अर्धसैनिक बलों के जवानों ने दिलाया है भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा एसडीएम विनय कुमार गुप्ता कोतवाल तेजबहादुर सिंह,चौकी इंचार्ज अझुवा विजेंद्र सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## केक काटकर बसपाइयों ने मनाया बसपा सुप्रीमो का 66 वां जन्म दिवस

अखंड भारत संदेश

**बूथ से लेकर सेक्टर तक पहुंची बसपा सुप्रीमो के जन्म दिवस की मिठास**

**कौशाम्बी।** पंद्रह जनवरी को बसपा सुप्रीमो के जन्म दिवस के अवसर पर बसपाइयों ने पूरे जोश के साथ उत्साह मनाया। मंझनपुर विधान सभा प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया ने केक काटकर उनके दीघार्यु होने की कामना किया तो जन्म दिन की मिठास बूथ से लेकर सेक्टर तक भी पहुंची। बसपाइयों ने कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए जहां एक दूसरे को बहन जी के 66 वें जन्म दिवस की बधाई दिया वहीं मिठाइयां वितरित कर पूरे जोश के साथ उत्साह भी मनाया। मंझनपुर स्थित तेजमति अस्पताल परिसर में शनिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती का बसपाइयों ने जोरदार तरीके से 66 वां जन्म दिवस मनाया। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष संतोष गौतम, वरिष्ठ बसपा नेता राजू गौतम, महेंद्र भाई गौतम, बंशीलाल चौधरी के अलावा मंझनपुर विधान सभा प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया ने केक काटकर एक दूसरे को जन्म दिन की बधाई दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गौतम ने कहा कि बसपा मुखिया ने अपने शासन काल में हर तबके को विकास की गति से जोडने का जो



मायावती का जन्मदिन मनाते बसपा नेता और पार्टी प्रत्याशी

काम किया है आज उनके जन्म दिन को बसपाइयों के अलावा जनता भी पूरे उल्लास के साथ मना रही है। इस तरह से बसपा नेता राजू गौतम ने बसपा कार्यकताओं सहित जिले की जनता को बहन जी के जन्म दिवस की बधाईयां दिया। वहीं महेंद्र गौतम ने कहा कि आज का दिन हम सब को संकल्प लेने का दिन है। जिस तरह से गैर बसपाई दल के अलावा वर्तमान भाजपा की सत्तासीन सरकार के कार्यकाल में हम दलित पिछडों व अल्पसंख्यकों को दर किनार किया गया है हम सब अपना खोया अधिकार पुनः पाने के लिए 2022 में बसपा मुखिया को प्रदेश का सीएम बनाकर उन्हें जन्म दिन की ढेरों बधाईयां देंगे। डॉ. नीतू कनौजिया ने बहन जी के दीघार्यु होने की कामना करते हुए कहा कि वर्तमान की सत्तासीन सरकार से सताई जनता अब बहन जी के शासनकाल को याद कर रही है और आने वाले विस चुनाव में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सब जनता के लिए हर संघर्ष करते आ रहे हैं और करते रहेंगे। वहीं कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए उन्होंने सुप्रीमो मायावती का जन्म दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान जन्म दिन की मिठास हर बूथ और सेक्टर में भी पहुंची। बूथ व सेक्टर अध्यक्षों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के 66 वें जन्म दिन की बधाईयां दिया।

## चायल पीएचसी जाने वाली रोड खराब होने से मरीज परेशान

**चायल कौशाम्बी।** नगर पचायत चायल में स्थित पीएचसी स्वास्थ्य केंद्र की ओर जाने वाली रोड बेहद खराब है सरकारी अस्पताल जाने वाली सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं जिससे सड़क में जलभराव बना रहता है बीमार परेशान और उनके परिजन सरकारी अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं मरीजों को अस्पताल पहुंचने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है गड्ढे उक्त सड़क में जलभराव के चलते आए दिन सड़क पर गिर कर राहगीर चोटिल हो रहे हैं कई बार नगर वासियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से लेकर जन प्रतिनिधियों और जिलाधिकारी से सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की लेकिन नगर पंचायत चायल की इस गंभीर समस्या का समाधान बरसों बीत जाने के बाद नहीं हो सका है योगी सरकार में गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा किया जा रहा है लेकिन नगर पंचायत चायल में दुर्दशा ग्रस्त सड़क की मरम्मत की ओर अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जा रहा है आखिर कब तक नगर पंचायत चायल की दुर्दशा ग्रस्त सड़क का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा यह योगी सरकार की सड़क योजना पर बड़ा सवाल है।



## संपादक की कलम से

# मकर संक्रांति खगोलीय पर्व भी

**यूं तो** भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। यह भी सच है कि प्रत्येक त्यौहार अथवा पर्व का अपना पौराणिक और प्राकृतिक महत्व होता है। खासकर भारतीय त्योहार धर्म के साथ-साथ प्रकृति से भी जुड़े रहते हैं। उन्हीं में से एक त्यौहार है मकर संक्रांति का। मकर संक्रांति के पौराणिक महत्व तो कायम हैं ही, साथ में यह खगोलीय घटना पर आधारित भी माना जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से गौर करें तो मकर संक्रांति ऋतु परिवर्तन का केंद्र बिंदु है। अतः इसे खगोलीय पर्व भी कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए केवल इतना समझना पर्याप्त है कि मकर संक्रांति सूर्य की गति और दशा से अधिकतम प्रभावित रहता है। यह तो सभी जानते हैं कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य देवता अपनी गति में परिवर्तन करते हैं। इस त्यौहार से पहले तक उनकी गति दक्षिण की ओर रहती है। लेकिन मकर संक्रांति के दिन उनका झुकाव उत्तर की ओर हो जाता है। अतः इस परिवर्तन को सूर्य का उत्तरायण होना कहा जाता है। यह त्योहार ऋतु में परिवर्तन का साक्षी भी है। गौर करें तो हम पाएंगे कि मकर संक्रांति के दिन से मौसम में परिवर्तन होने लगता है। जो दिन ठंड से सिकुड़ रहे होते हैं उनमें गर्माहट आने लगती है। यही नहीं, रात्रि का घटना और दिन का बढ़ना भी मकर संक्रांति से जोड़कर देखा जाता है। दिन अर्थात उजाला तथा रात का मतलब अंधकार। लिखने का आशय यह कि मकर संक्रांति के दिन से अंधकार घटने लगता है और उजाले में बढ़ोतरी होने लगती है। मकर संक्रांति का पर्व केवल भारत में ही नहीं यह पूरे विश्व में हर उस जगह पर मनाया जाता है जहां पर भारतीय निवास करते हैं। पौराणिक महत्व की बात करें तो यह दिन सूर्य और शनि के मिलन का भी है। सूर्यनारायण इस दिन धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। अतः उन्हें अपने पुत्र शनि के घर जाना होता है। क्योंकि मकर राशि के गुरु शनि देव ही हैं। अवधारणा यह भी है कि सूर्य और शनि पिता पुत्र होने के बावजूद उन के बीच स्थाई शत्रुता कायम है। लेकिन इन दोनों का मिलन सूर्य की किरणों को भी समूची प्रकृति के लिए अनुकूलता प्रदान करता है। यह स्पष्ट कर दें कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य की किरणें मानवीय स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभदायक हो जाती हैं।

# 'सोशलमीडिया' किस दल में कितना दम?

-प्रभुनाथ शुक्ला-

**पांच** राज्यों में राज्य विधानसभा चुनाव घोषित हो गए हैं। चुनाव आयोग ने मतदान और मतगणना की तारीख भी सुनिश्चित कर दिया है। चुनाव बेहद नाजुक दौर में हो रहा है। जब पूरी दुनिया महामारी की चपेट में है उस स्थित में चुनाव करना कितना जायज है यह भी अपने आप में सवाल है। आम चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और जनता का अधिकार भी। दुनिया के किसी भी देश के लिए सत्ता और सरकार चुनने का यह माध्यम सबसे निष्पक्ष और पारदर्शी है। लेकिन कोविड-19 के दौर में लोगों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना होगा। चुनाव आयोग ने अपनी गाइडलाइन में कोविड प्रोटोकॉल का विशेष ख्याल रखा है।

चुनाव आयोग ने पंजाब, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और राजनीतिक लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के नए नियम बनाए हैं। जिसमें 15 जनवरी तक कोई भी राजनीतिक दल रोड शो, रैली नहीं कर सकता है। यहां तक कि नुक्कड़ सभा और पदयात्रा पर भी रोक होगी। सिर्फ डोर-टू-डोर मिलने की अनुमति दी गई है। ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अत्यधिक बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर से ही वोटिंग करने का फैसला लिया गया है। लेकिन इस हालात में लोकतंत्र की मूल भावना कहीं ना कहीं से प्रभावित होगी। क्योंकि जनसभाओं




के माध्यम से जो बात जनता तक पहुंचती है वह वर्चुवल मंच के जरिए संभव नहीं है।

यह बात सच है कि देश में शिक्षा और संचार क्रांति की वजह से वर्चुवल दुनिया ने नया आयाम लिया है। कोविड काल में यह मंच सबसे सुरक्षित और प्रभावशाली साबित हुआ है। राजनीतिक दल बदले माहौल में इसका कितना अधिक उपयोग कर सकते हैं यह देखना होगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में तकरीबन 25 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 18 करोड़ से अधिक लोग अपना वोट डालेंगे। तकरीबन 10 करोड़ पुरुष और 8 करोड़ 50 लाख महिला मतदाता होंगी। 690 पोलिंग बूथों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। 50 हजार से अधिक केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती होगी। पंजाब में 117, गोवा में 40 मणिपुर में 60 और उत्तराखंड में 70 सीटों पर मतदान होगा। जबकि उत्तर प्रदेश में 403 सीटों के लिए सात चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। 1620 महिला पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। संक्रमण को देखते हुए एक पोलिंग बूथ पर सिर्फ 1250 मतदाता अपने वोट डाल पांएगे।

हालांकि जिन परिवारों ने दूसरी लहर का सामना किया है और अपने किसी प्रिय परिजन को खोया है ऐसे परिवार किसी भी कीमत में संक्रमण का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। ऐसे हालात में चुनाव आयोग को ऑनलाइन वोटिंग पर भी विचार करना चाहिए। जब वर्चुवल सभाएं हो सकती हैं तो ऑनलाइन वोटिंग की सुविधा क्यों नहीं दी जा सकती। महामारी की स्थिति को देखते हुए चुनाव आयोग को इस पर बहुत पहले से ही निर्णय लेना चाहिए था। लोकतंत्र के उत्सव का महानायक मतदाता है, उसकी जान को जोखिम में डालकर चुनाव संपन्न कराना कितना जायज है। इसका जवाब राजनीतिक दल और आयोग ही दे सकता है। लेकिन इसका प्रभाव वोटिंग पर साफ दिख सकता है। मतदान में गिरावट आ सकती है।

प्रचार माध्यम में जहां तक वर्चुअल मंच की बात है उसमें भारतीय जनता पार्टी सबसे नंबर वन है। भाजपा का आईटी सेल बहुत ही मजबूत और जमीनी स्तर पर काम करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और और कार्यकर्ता सोशलमीडिया मंच पर सक्रिय रहते हैं। फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम पर पार्टी के लाखों लाख फॉलोअर्स हैं। भाजपा के बाद समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी अधिक सक्रिय हैं। सपा में सिर्फ अखिलेश यादव खुद ही वर्चुअल मंच पर सक्रिय दिखते हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भाजपा ने डेढ़ लाख पन्ना और बूथ प्रमुखों को व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ रखा है। पार्टी ने 2016 में ही हर उस उम्मीदवार के लिए शर्त रखी थी कि जो भी पार्टी का टिकट चाहेगा सोशल मीडिया पर उसके लिए 25 हजार फॉलोअर्स होने चाहिए। भाजपा की केंद्रीय इकाई से एक करोड़ 73 लाख लोग वर्चुवल प्लेटफार्म से जुड़े हैं। एक करोड़ 58 लाख फेसबुक पर 42 लाख इंस्टाग्राम और 40 लाख यूट्यूब पर हैं। जबकि उत्तर प्रदेश में 49 लाख से अधिक लोग फेसबुक पर हैं। 78 लोग इंस्टाग्राम पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास 1 करोड़ 68 लाख फॉलोअर्स हैं। उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के पास 22 लाख और केशव प्रसाद मौर्य से 33 लाख लोग जुड़े हैं।

सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा का सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी से है। ट्विटर हैंडिल और फेसबुक पर उसके 28 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। सोशलमीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से एक करोड़ 58 लाख लोग जुड़े हैं।

# सत्य सनातन परंपरा का पुण्य पर्व है मकर संक्रांति

-महावीर बजाज-

**मकर** संक्रांति संपूर्ण मानव जाति का एक महान पर्व है। हम जिस भूमंडल पर जीवन जी रहे हैं उसे हम पृथ्वी कहते हैं, धरती माता कहते हैं।

वेदों में भी कहा गया है- माता भूमि पुत्रोऽहम् पृथ्वियाः। भूमि मेरी माता है और मैं इस पृथ्वी का पुत्र हूं। हम सब अपना जन्मदिन मनाते हैं पर मकर संक्रांति स्वयं धरती माता की उत्पत्ति होने के कारण एक विशेष पर्व है। इस दिन धरती सूर्य से पृथक होकर एक स्वतंत्र ग्रह के रूप में सूर्य की प्रदक्षिणा करने लगी। सामवेद के तांड्य ब्राह्मण में लिखे अनुसार प्रतप्त अग्निपिंड सूर्य से पृथक होकर यह धरती परिक्रमा करती हुई मघा नक्षत्र की ओर गई। धरती का सूर्य से उत्पत्ति लेकर घूमते हुए मघा नक्षत्र की ओर जाने का वैज्ञानिक ज्ञान तब भी हमारे ऋषियों को था, क्योंकि सूर्य जब पश्चिम क्षितिज पर अस्त हो रहा होता है तब पूर्वी क्षितिज पर जो नक्षत्र दिखाई देता है उसी से अगले दिन व मास की शुरूआत होती है। चूंकि उस दिन पूर्वी क्षितिज पर मघा नक्षत्र था इसलिए अगले दिन माघ मास की शुरूआत हुई। कहते हैं कि सूर्य भी अपनी गति से सबसे अधिक जितना दक्षिण में जा सकता था वह गया और यहां तक कि मकर रेखा को छू कर फिर उठना शुरू हो गया इसीलिए इस दिन को मकर संक्रांति कहते हैं। यानि आज से दिन बड़े होंगे, गरम होंगे, रातें छोटी होगी- यहीं से शुरू होता है सूर्य का उत्तरायण । सामवेद में इसकी विस्तृत व्याख्या की गई है । उसमें लिखा है कि अपने उत्पत्ति के बाद पृथ्वी सूर्य को नमस्कार स्वरूप उत्तरी ध्रुव की तरफ 66.30 अंश के कोण से उसकी ओर झुक जाती है और इसी स्थिति में सूर्य की परिक्रमा करने के कारण अयन, ऋतुयें और रात दिन बनते हैं। यह विज्ञान सम्मत सत्य है। जब धरती का सूर्य की परिक्रमा का एक वर्ष निर्विघ्न पूरा हुआ तो ऋषियों ने इसकी खुशी जताने हेतु वर्ष के अंतिम दिन एक बहुत बड़ा यज्ञ किया यानि पवित्र अग्नि प्रकट की और नवान्न भेंट कर आनन्द रात्रि मनाई । आनंद रात्रि को संस्कृत में 'लौहड़ी' कहते हैं। सिख परंपरा में अग्नि जलाकर आज भी लौहड़ी का पर्व मनाया जाता है। इस प्रकार धरती माता की उत्पत्ति का यह दिन प्रकृति प्रदत्त नव वर्ष है , न कि मानव निर्मित।

मकर संक्रांति का पर्व सूर्य पूजा का पर्व है क्योंकि धरती की उत्पत्ति का आधार सूर्य, परिक्रमा का आधार सूर्य तथा स्थायित्व का आधार भी सूर्य है। सूर्य ही हमें ताप देता है। सूर्य के उदय से ही बीज अंकुरित होते हैं, उसमें मिठास उत्पन्न होती है, फल पकते हैं, अन्न में रस पैदा होता है । इसलिए हमारी संस्कृति में सूर्य का विशेष स्थान है। यह न केवल भारत में बल्कि सारे यूरोप में भी प्रचलित था। रोम में सूर्य का एक बड़ा मंदिर था, उसे आदित्यालय कहते थे। कालांतर में आदित्यालय से दित्यालय, दित्यालय से इत्यालय और इत्यालय से आज का इटली बना। ठीक वैसे ही जैसे आदित्यवार, दीतवार, इतवार एवं रविवार बने। आज से लगभग 1900 वर्ष पूर्व जब ईसाइयत ने रोम में प्रवेश किया तब वहां सूर्य पूजा का बहुत प्रचलन था। ईसाइयों ने उस वर्ष मकर संक्रांति ( 25 दिसंबर) की सूर्य पूजा की आड़ में क्रिसमस यानि ईसा का जन्म दिवस मनाया क्योंकि तब तक ईसा के जन्मदिन का कोई पता भी नहीं था। कहने का तात्पर्य है कि यह क्रिसमस का पर्व आज का मकर संक्रांति का ही पूर्व रूप है जिसकी गणना यानि 100 वर्ष में 1 दिन बढ़ने के हिसाब से सटीक बैठती है।

हमारी संस्कृति में यज्ञ, तप एवं दान का बहुत महत्व है। मकर संक्रांति को दान पर्व भी कहा जाता है। इस दिन नदियों के पवित्र जल में स्नान कर दान देने की प्रथा रही है। मगध नरेश नंद मकर संक्रांति के स्नान के उपरांत जब दान दे रहे थे तब चाणक्य वहां पहुंचे। देश एवं राज्य की दुरावस्था से दुखी चाणक्य ने राजा नंद को कहा कि महाराज, इस दुरावस्था की परिस्थिति में आपके पास देने लायक कुछ है ही नहीं , यह मात्र छलावा है तो मैं क्या मांगू। इस बात से अप्रसन्न होकर उन्होंने चाणक्य को धक्का देकर बाहर निकलवा दिया। तब उसी दिन चाणक्य ने नंद वंश को समूल उखाड़ने की प्रतिज्ञा ली । सम्राट अशोक, हर्ष इत्यादि अनेक राजाओं के जीवन में भी यह दान पर्व देखने को मिलता है। आज भी मकर संक्रांति के दिन गांव के तालाबों या नदियों के संगम पर स्नान के पश्चात दान देकर लोग अपने तन और मन को निर्मल कर मोक्ष की कामना करते हैं।

यह विज्ञान पर्व भी है क्योंकि पृथ्वी की उत्पत्ति से कालगणना यानि अयन, मास एवं दिन का निर्धारण होता है । वेद में हमारी धरती के लिए नाम आता है भू एवं पृथ्वी अपनी उत्पत्ति से ही गोल है इसलिए पृथ्वी के आकार को भूगोल की संज्ञा देते हैं। इस बात को समझने एवं स्वीकार करने में पश्चिमी एवं अन्य सभ्यताओं को न केवल इतने वर्ष लगे बल्कि गेलीलियो, कोपरनिकस, ब्रूनो तथा जीनो जैसे कितने वैज्ञानिक एवं दार्शनिकों को जान से हाथ धोना पड़ा। हमारे प्राचीन ऋषियों ने यह भी बताया कि पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है तथा एक वर्ष में परिक्रमा पूर्ण नहीं कर पाने के कारण 100 वर्ष में उसको पूर्ण करने में एक दिन बढ़ जाता है। प्रमाण स्वरूप आज से 157 वर्ष पूर्व स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी (मकर संक्रांति) थी किन्तु आज मकर संक्रांति 14 या 15 जनवरी को मनाई जाती है।

मकर संक्रांति को आध्यात्मिक दृष्टि से मोक्ष पर्व भी मानते हैं।

# भारतीय शौर्य की स्मृतियों को अक्षुण्ण रखेगा 'वीर बाल दिवस'

-डॉ. राघवेन्द्र शर्मा-

**भारत** की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमारे पूर्वजों ने कभी मुगलों से लोहा लिया, तो कभी अंग्रेजों से जूझते रहे। फलस्वरूप देश का अस्तित्व आतताइयों के आतंकों से प्रभावित तो रहा, लेकिन कभी भी उसने पूरी तरह हार नहीं मानी। हमारे ऐसे ही पराक्रमी पूर्वजों में से एक हैं गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चारों वीर सपूत। सिखों के दसवें गुरु श्री गोविंद सिंह जी केवल धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से ही पूज्यनीय नहीं है। इससे भी अधिक उन्हें उस बलिदान के लिए याद किया जाता है, जो उन्होंने देश और धर्म बचाने के लिए सपरिवार दिया। कौन नहीं जानता कि गुरु गोविंद सिंह जी, शरीर रहने तक आतताई मुगल शासकों से लोहा लेते रहे। उनसे भी दो कदम आगे बढ़कर मुगल शासकों के अभिमान को चूर किया उनके साहिबजादों ने। यह बात याद रखने योग्य है कि गुरु गोविंद सिंह के दो बहादुर पुत्र मुगलों के खिलाफ युद्ध लड़ते हुए बलिदान को प्राप्त हुए। जबकि दो छोटे पुत्रों को मुगल शासकों ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। अबोध से दिखाई देने वाले इन दोनों वीर सपूतों के सामने दो विकल्प थे। पहला विकल्प धर्म परिवर्तन का था। इसे मान लेने पर उन्हें मुगल सैनिकों से आजादी और समस्त राजसी ऐश्वर्यों की प्राप्ति हो सकती थी। जबकि दूसरा विकल्प था केवल मौत, और वह भी भयावह मौत। धर्म परिवर्तन की बात नहीं मानने पर गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहिबजादों को दीवार में जिंदा चुने जाने का प्रस्ताव था। सिंह के इन दोनों शावकों ने मृत्यु का रास्ता चुना। लेकिन अपने धर्म पर अडिग ही बने रहे। वीर बालकों के दो टूक जवाब से बौखलाए मुगल शासकों ने नृशंसता की सभी सीमाएं पार कर दीं और यह दोनों सिंह के बच्चे दीवारों में जिंदा चुनवा दिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की शौर्य गाथाओं के प्रेरक इन्हीं बलिदानी बालकों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा की है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि उक्त घोषणा गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर की गई। ये वही गुरु गोविंद सिंह जी हैं, जिन्होंने सिखों को व्यक्ति के स्थान पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब को आदर्श मानने की नई और तार्किक प्रणाली स्थापित की थी। इसके पीछे उनकी स्पष्ट धारणा थी कि समय के दुष्चक्रों में फंसकर व्यक्ति पथभ्रष्ट अथवा दिग्भ्रमित हो सकता है। किंतु हमारे शास्त्र और धार्मिक प्रतीक हमें सदैव सत्य मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते रहते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर की गई प्रधानमंत्री की इस घोषणा का जितना स्वागत किया जाए, कम है। इस दिवस के माध्यम से हमें भारतीय शौर्य के उस गौरवशाली इतिहास के पन्ने देखने को मिलेंगे, जो तथाकथित धर्मनिरपेक्ष शासकों के दबाव में आकर इतिहासकारों ने 'ठकुरसुहाती' स्वभाव के चलते नीचे दबा कर रखे हुए थे। यह घोषणा अब तक की उन केंद्र सरकारों की तुष्टीकरण युक्त कार्यप्रणाली को करारा जवाब है, जो विदेशों से आए लुटेरों और आक्रांताओं को ही अपना आदर्श मानती रहीं। यही नहीं, उन सरकारों ने शासकीय स्तर पर अधिकांश जयंतियां, बड़े-बड़े राजमार्गों व राजपथों के नाम देश के ऐसे ही अनेक शत्रुओं के नाम पर अंकित कर दिए। जहां वीर महाराणा प्रताप की कहानियां सुनाई जानी थीं, उन विद्यालयों में अकबर महान के पाठ रटाए गए।

इस गलत शिक्षा नीति के चलते हमें पता ही नहीं चला कि कब हम देश के लिए मर मिटने वाले वीर सपूतों की जगह देश के दुश्मनों को अपना आदर्श मान बैठे। देर से ही सही, अब भारत का नागरिक गलत अवधारणाओं के मोहपाश से बाहर निकल रहा है। शिक्षा संस्कृति और विज्ञान के क्षेत्र में नित नए आयाम गढ़ने वाला देश का समझदार युवा अब इतिहास के उन गौरव शाली पन्नों को तलाशने में जुट गया है, जो कतिपय इतिहासकारों द्वारा तत्कालीन तथाकथित धर्मनिरपेक्ष शासकों के भय से दबा दिए गए थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा करके भारतीय शौर्य के विलुप्त होते जा रहे इतिहास के पन्नों को नई हवा देकर उन्हें खुलने के लिए मजबूर कर दिया है।

# वार्ता फिर विफल

-सिद्वार्थ शंकर-

**पूर्वी** लद्दाख में टकराव वाले शेष इलाकों से गतिरोध खत्म करने के लिए बुधवार को भारत-चीन के सैन्य कमांडरों के बीच 14वें दौर की वार्ता भी चीन के हठ के चलते बेनतीजा रही। वार्ता में भारत की तरफ से हॉट स्प्रिंग, डेप्सांग और डेमचोक इलाकों में सैनिकों की पूर्ण वापसी पर जोर दिया गया, मगर चीन अपना ही राग अलापने में लगा रहा। इस बातचीत में भारत ने इस बात पर जोर दिया था कि विवाद को खत्म करने के लिए ऐसे समाधान निकाले जाएं जिससे द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। दरअसल, फैक्ट ये है कि चीन सीमा कानून और अनसुलझे एलएसी के अपने हिस्से में तेजी से सैन्य और तकनीकी अपग्रेडेशन के साथ 3,488 किमी लाइन को 'नियंत्रण रेखाज् में बदल रहा है। भारतीय और चीनी सेनाएं मई 2020 से सीमा विवाद में उलझी हुई हैं। चीन ने एकतरफा प्रयास करते हुए सीमा पर स्थिति बदलने का प्रयास किया। वहीं, अब सीमा पर तनाव को देखते हुए दोनों पक्षों ने सीमा पर मिसाइल, रॉकेट, आर्टिलरी और टैंक रेजिमेंट के साथ हर तरफ सैनिकों के तीन से अधिक डिवीजनों की तैनाती है। इसके अलावा वायुसेना को भी स्टैंडबाय के तौर पर रखा गया है। भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि देपसांग समेत टकराव के सभी बिंदुओं पर लंबित मुद्दों का समाधान दोनों देशों के बीच संबंधों के समग्र सुधार के लिए जरूरी है। दरअसल, जब तक कैलाश रेंज पर भारतीय जवानों का कब्जा रहा, चीन दबा रहा। वार्ता के दौरान चीन ने कई इलाकों में अपनी फौज पीछे हटाने के एवज में भारत से कैलाश रेंज खाली करने की मांग रखी। जब कैलाश रेंज खाली हो गया तो चीन फिर से अपने रंग में लौट गया। अब भारत के सामने चीन को देपसांग इलाके में पीछे धकेलने की चुनौती फिर से मुंह बाए खड़ी है। देपसांग क्षेत्र में कई जगहों पर भारत और चीन के सैनिक आमने-सामने हैं। वाताओं में सहमति के बावजूद चीनी सेना भारतीय सैनिकों को पिछले साल से ही अपने पारंपरिक पेट्रोलिंग पाइंट पीपी-10, 11, 11ए, 12 और 13 के साथ-साथ देमचोक क्षेत्र सेक्टर में 'ट्रैक जंक्शनज् चार्डिंग निंगलुंग नाला (सीएनएन) तक जाने नहीं दे रही है। चीनी सैनिकों ने इन इलाकों के रास्ते रोक रखे हैं। भारत चाहता है कि देपसांग पठार में उसे गश्त के पुराने अधिकार मिलें, जहां चीनी सैनिक अभी उसे पीपी 10 से 13 तक जाने नहीं दे रहे। भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि देपसांग समेत टकराव के सभी बिंदुओं पर लंबित मुद्दों का समाधान दोनों देशों के बीच संबंधों के समग्र सुधार के लिए जरूरी है। माना जा रहा है कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता के 14वें चरण में देपसांग में तनाव कम करने पर जोर देते हुए अपना रुख पुरजोर तरीके से रखा था। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के मद्देनजर भारत ने स्पष्ट कह दिया है कि चीन अगर अपने सैनिकों को वापस लौटने को नहीं कहता है, तो उसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा। अगर चीन भारत के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बरकरार रखना चाहता है।

# सपा को हिन्दुत्व की पिच पर बैटिंग करने को मजबूर कर रही है भाजपा

-अजय कुमार-

**हिन्दुत्व** के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और भाजपा में टकराव बढ़ता जा रहा है। अभी योगी के 80 बनाम 20 की लड़ाई का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि सपा प्रमुख ने धर्म भी कभी-कभी अंधविश्वास होता है, वाला बयान देकर एक बार फिर भाजपा को हमलावर होने का मौका प्रदान कर दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से एक इंटरव्यू में आए उक्त विचार को भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। भाजपा ने कहा है कि अखिलेश यादव ने लोगों की भावनाएं आहत की हैं और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। दरअसल, विवाद की शुरूआत तब हुई जब सपा अध्यक्ष से एक टीवी इंटरव्यू में एंकर ने पूछा कि अपने कार्यकाल में वह कभी नोएडा क्यों नहीं गए। अखिलेश ने पहले तो नोएडा में किए गए काम गिनाकर सीधा जवाब देने से बचने की कोशिश की, लेकिन जब दोबारा उनसे यही सवाल पूछा गया तो हंसते हुए उन्होंने नोएडा वाले डर का सच स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि नोएडा इसलिए नहीं गया क्योंकि माना जाता है कि जो चला जाता है वह मुख्यमंत्री नहीं आ पाता है। हमारे बाबा मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) हो आए अब दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। एंकर ने जब इसे अंधविश्वास कहा तो अखिलेश बोले कि हां, तो धर्म भी कभी-कभी अंधविश्वास होता है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की हिंदू विरोधी छवि गढ़ने में जुटी भाजपा ने इसे लपकने में देर नहीं की। बीजेपी के ट्विटर हैंडल से इंटरव्यू के इस हिस्से को ट्वीट करते हुए लिखा, ह्यचुनावी हिंदू को धर्म अंध विश्वास ही लगेगाह्ण वहीं, यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी अखिलेश यादव के इस बयान की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। मौर्य ने कहा कि धर्म को अंधविश्वास बताने से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मैं चाहता हूं कि वे माफी मांगें।

खैर, राजनीति में अक्सर यह देखा जाता है कि नेता ऐसा कुछ बोल जाता है जो उसके दिल में नहीं होता है, लेकिन विरोधी खेमा इसे उक्त नेता के दिल की बात से जोड़ देता है, ऐसा ही अखिलेश यादव के साथ हो रहा है।

# दलबदल पर लगे प्रतिबंध

-प्रभुनाथ शुक्ल-

**'लोकतंत्र'** बस एक 'शब्द' रह गया है। अब इसकी न कोई परिभाषा न भाषा। गरिमा और गौरवमयी संस्था का क्षरण लोकतंत्र और उसके भविष्य के लिए घातक है।

लोकतंत्र, जनतंत्र और राजतंत्र जैसी संस्थाओं का एक दूसरे प्रति विश्वास घट गया है। तीनों के सामंजस्य और समायोजन से राजतंत्र की स्थापना होती है। गणराज्य के संचालन में सभी की अहम भूमिका होती है। लेकिन बदले माहौल में सभी संस्थाओं का नैतिक पतन हो चला है। राजतंत्र में सेवा, समर्पण और नैतिकता खत्म हो चली है। राजतंत्र, जनतंत्र के विश्वास का गला घोट रहा है। सत्ता और कुर्सी की लोलुपता में सब कुछ अनैतिक हो चला है। लोकतांत्रिक मूल्यों और मयार्दाओं की बात बेईमानी है। आज की सियासत छद्म, पाखंडवाद की पोषक हो चली है। राजनीति में जनसेवा सिर्फ खोखला नारा है। उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा चुनाव में इसका पतन देखने को मिल रहा है।

पांच राज्यों में चुनावी घोषणा बाद पाला और दलबदल का सिलसिला चल निकला है। राजनेताओं को अब दलित, शोषित, वंचित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का शोषण याद आने लगा है। भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस जैसे दलों के निर्वाचित प्रतिनिधि सत्ता की लोलुपता में पाला बदल रहे हैं। जबकि निरीह जनतंत्र उनका तालियों और हार से स्वागत करने को बेताब है। ऐसे लोगों से कोई सवाल पूछने को तैयार नहीं है। सत्ता की चाकी कभी स्थिर नहीं रहती है जबकि यहीं स्थिरता पाला बदल का मूल है। दलितों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों के मसीहा बनने वाले भावनात्मक मुद्दों को उछाल कर संबंधित जातियों के वोटबैंक से सत्ता में आने की जुगत लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के राज्य विधानसभा चुनाव में पाला बदल चरम पर है। कल यही राजनेता मंच से जिसे गालियां देते थे आज उन्हें गले लगा रहे हैं। जनता सब कुछ जानते हुए भी उनका आलिंगन करने को बेताब है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना यही है। स्वामी प्रसाद मौर्य पिछड़ों के कद्दावर और दिग्गज नेता माने जाते हैं। उनकी राजनीतिक जमीन भी बेहद मजबूत है। बहुजन समाज पार्टी छोड़कर उन्होंने समर्थकों के साथ भगवा चोला धारण किया था। लेकिन पांच साल सत्ता का सुख भोगने के बाद समाजवाद की लंबरदारी करने को बेताब दिखते हैं। कांग्रेस और भाजपा का बोया बबूल आज उन्हीं को चुभ रहा है। आज पाला बदलने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य और अन्य निर्वाचित विधायकों को दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों के अधिकार याद आने लगे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य पांच साल पूर्व इसी न्याय को आगे बढ़ाने के लिए मौर्य भाजपा में आए थे। यहां भी उनके मकसद पूरे नहीं हुए। अब समाजवादी पार्टी की तरफ जाते दिखते हैं। दलितों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों का वह कितना कल्याण कर सकते हैं यह तो वक्त बताएगा। उन्हें दलितों, पिछड़ों की इतनी ही चिंता थी तो साल भर पूर्व भाजपा को क्यों नहीं छोड़ा। चुनाव की घोषणा के बाद आखिर पाला बदल क्यों। क्या उन्हें मालूम है कि भाजपा सत्ता में आनेवाली नहीं है। दलितों की मसीहा मायावती आज कहाँ खड़ी हैं यह सभी जानते हैं। लेकिन दलित समाज कितना बदला है यह वहीं जानता है। लेकिन उसी शोषित और दलित की बात करने वाली बसपा बदले सियासी दौर में हाशिए पर है जबकि मौर्य तीसरे दल की आरती में हैं। क्या यही दरिद्रनारायण की सेवा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबका अपना अधिकार है। व्यक्ति अपनी स्वतंत्रता के अनुसार जीने को स्वतंत्र है। लेकिन दलितों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों की दुहाई देकर लोकतांत्रिक संस्थाओं का गला घोंटने वाले किसी का नहीं हो सकते। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सब का समान अधिकार है। संवैधानिक संस्थाओं में सभी को बराबर की हिस्सेदारी और अधिकार मिले हैं। दलितों, वंचित, शोषित,पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आड़ में सत्ता की परिक्रमा करने वाले लोग खुद का हित साधते हैं।

## एशियाई कप फुटबॉल के लिये पहुंची फिलीपींस टीम

**मुंबई।** कोरोना महामारी की तीसरी लहर को लेकर आशंकाओं के बीच फिलीपींस की टीम 20 जनवरी से शुरू हो रहे एएफसी महिला एशिया कप के लिये शुक्रवार को यहां पहुंच गई।

इससे पहले चीनी ताइपै की टीम कल ही यहां पहुंच गई थी। यह टूनार्मेंट महाराष्ट्र के तीन स्थानों पुणे, मुंबई और नवी मुंबई में खेला जायेगा।

भारतीय टीम भी कोच्चि से कल यहां पहुंच गई। एक सूत्र ने बताया, फिलीपींस की टीम तड़के यहां पहुंची है।

भारत 1980 के बाद पहली बार इस टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है। फिलीपींस को ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया के साथ रखा गया है।

## आईएसएल : हैदराबाद ने चेन्नइयन के साथ अंक बांटे

**गोवा।** हैदराबाद एफसी ने गुरुवार रात फतौर्दा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में गुरुवार को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के लीग मैच में पिछड़ने के बाद शानदार फ्री-फ्लो फुटबॉल का प्रदर्शन करते हुए चेन्नइयन एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। इस परिणाम के बाद हैदराबाद अंक तालिका में चौथे से तीसरे स्थान पर आ गई है। पूरे मैच के दौरान हैदराबाद के हमलों के सामने दीवार बनकर रहे चेन्नइयन के गोलकीपर देबजीत मजूमदार को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया।

स्पेनिश कोच मैनोलो मार्कुएज के निजाम्स 11 मैचों में चार जीत और पांच ड्रा से 17 अंक बटोर चुके हैं। वहीं, आज के ड्रा से चेन्नइयन को भी एक अंक मिला है और वो छठे स्थान बरकरार है। कोच बोजिदार बांदोविक की टीम के 11 मैचों में चार जीत व तीन ड्रा से 15 अंक हैं।

मैच का पहला गोल 13वें मिनट में आया, डिफेंडर मोहम्मद साजिद धोत के हैडर से चेन्नइयन एफसी 1-0 से आगे हो गई। फ्री-किक पर कप्तान अनिरुद्ध थापा ने फ्लोटेड किक लगाकर सेकेंड पोस्ट पर गेंद को हैदराबाद की डिफेंसलाइन के पीछे भेजा, जहां साजिद ने ताकतवर हैडर लगाकर गेंद को गोलजाल में भेज दिया और गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टिमणि जब तक प्रतिक्रिया करते, तब तक गेंद पोस्ट के अंदर पहुंच चुकी थी।

पहले हाफ का चार मिनट का स्टॉपेज टाइम खत्म होने से ठीक पहले जेवियर सिवेरिओ ने हैडर से बेहतरीन गोल करके हैदराबाद को 1-1 की बराबरी दिला दी और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## पृथकवास दिक्कतों के कारण न्यूजीलैंड का सीमित ओवरों का आस्ट्रेलिया दौरा खटाई में

**वेलिंगटन।** कड़े सीमा प्रतिबंधों के कारण न्यूजीलैंड टीम का इस महीने के आखिर में सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिये आस्ट्रेलिया दौरा खटाई में पड़ गया है क्योंकि अब टीम को अपनी वापसी के लिये पृथकवास स्थान आरक्षित करना होगा।

न्यूजीलैंड टीम को 24 जनवरी को आस्ट्रेलिया रवाना होना था जहां 30 जनवरी, दो फरवरी और पांच फरवरी को वनडे मैच और आठ फरवरी को टी20 मैच खेलने थे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने फरवरी के लिये पृथकवास स्थान बुक नहीं किये क्योंकि उसे उम्मीद थी कि आस्ट्रेलिया से लौटने वाले न्यूजीलैंड के नागरिकों को ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पहले जनवरी के मध्य तक ही ऐसा करना अनिवार्य था लेकिन अब ओमीक्रोन वैरिएंट के प्रसार के बाद उसे बढाकर फरवरी के आखिर तक कर दिया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि आस्ट्रेलिया दौरा होगा लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया से विकल्पों पर बात की जा रही है। इसमें टीम की आस्ट्रेलिया से वापसी में विलंब या नये सिरे से कार्यक्रम बनाना शामिल है। एक प्रवक्ता ने बताया कि जब तक वापसी की योजना नहीं बन जाती, टीम आस्ट्रेलिया नहीं जायेगी।

## एलिसन रिस्के एडीलेड इंटरनेशनल के फाइनल में

**एडीलेड।** अमेरिका की एलिसन रिस्के ने एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया जब सेमीफाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी तमारा जिडांसेक ने पेट की चोट के कारण नाम वापिस ले लिया।

यह लगातार दूसरा मैच था जिसमें रिस्के की प्रतिद्वंद्वी ने नाम वापिस ले लिया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन ब्रेंगल भी पहले सेट के बाद रिटायर हो गई थी। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की कोको गॉ और मेडिसन कीज का सामना होगा यानी फाइनल अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच ही होगा।

## जेम्स पैटिनसन ने नॉटिंघमशायर के साथ किया करार, क्लब के साथ उनका यह तीसरा कार्यकाल

**नॉटिंघमशायर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स पैटिनसन ने नॉटिंघमशायर के साथ करार किया है। यह क्लब के साथ उनका तीसरा कार्यकाल हैं।

पैटिनसन इससे पहले 2017 और 2019 सीजन में क्लब के लिए खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 15.52 की औसत से 40 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पैटिनसन ने अक्टूबर 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 21 टेस्ट, 15 एकदिनी और 4 टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 26.33 की औसत से 81 टेस्ट शामिल हैं। इसमें 2013 में ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज मुकाबले में पांच विकेट भी शामिल हैं।

पैटिनसन ने एक बयान में कहा, "जब मैंने पहली बार ट्रेंट ब्रिज में कदम रखा था, तो उस समय यहां घर जैसा महसूस कर रहा था। यहां पहुंचने के लिए और लोगों के एक समूह से मिलना बहुत खास था और मैं फिर से उनके बीच वापस आने की उम्मीद कर रहा हूं।" उन्होंने कहा, "गेंदबाजी समूह ने पिछले सीजन में बेहतर प्रदर्शन किया था। उम्मीद है कि मैं इसमें कुछ जोड़ सकता हूं और आने वाले वर्षों में क्लब को कुछ सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता हूं।"

पैटिनसन पहली बार 2017 में जब नॉटिंघमशायर में शामिल हुए थे तो उन्होंने अपने सफल सत्र की शुरूआत में लाल गेंद से 12.06 की औसत से 32 विकेट लिए थे। इसके अलावा लीसेस्टरशायर के खिलाफ अपने पदार्पण पर, उन्होंने नाबाद 89 रन बनाए और स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ आठवें विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की। साथ ही साथ मैच में 84 रन देकर 8 विकेट भी लिए।

## हैम्पशायर क्रिकेट ने ससेक्स के पूर्व कप्तान बेन ब्राउन के साथ करार

**हैम्पशायर।** हैम्पशायर क्रिकेट ने ससेक्स के पूर्व कप्तान बेन ब्राउन के साथ करार किया है। 33 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्राउन, जिन्होंने घोषणा की कि ससेक्स में दो दशक से अधिक समय के बाद पिछले साल के अंत में क्लब छोड़ देंगे, सभी प्रारूपों में दो साल के करार हैम्पशायर में शामिल होंगे। ब्राउन ने एक बयान में कहा, "मैं हैम्पशायर के साथ जुड़ने पर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस तरह के एक प्रतिभाशाली टीम में शामिल होना और क्लब के प्रभावशाली कोचिंग स्टाफ के साथ काम करने का अवसर मिलना काफी शानदार है।" उन्होंने कहा, "मैं द एजेस बाउल को अपना घरेलू मैदान कहने में सक्षम होने के लिए उत्सुक हूं और ऐसा करने का अवसर देने के लिए हैम्पशायर में सभी का बहुत आभारी हूं।" हैम्पशायर के क्रिकेट निदेशक जाइल्स व्हाइट ने कहा, "बेन का आगमन क्लब के लिए रोमांचक खबर है और हम अगले सप्ताह समूह में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।" बता दें कि सभी प्रारूपों में, ब्राउन ने ससेक्स के लिए 318 मैचों में कुल 10,843 रन बनाए हैं व 543 कैच और 40 स्टंपिंग भी किए हैं। ब्राउन का 2007 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण के बाद से औसत 40.41 का है।

## एशेज : ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 303 पर सिमटी, इंग्लैंड की खराब शुरूआत

**होबार्ट।** इंग्लैंड ने यहां जारी पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन डिनर तक अपनी पहली पारी में केवल 34 रन पर दो विकेट खो दिये हैं। दोनों सलामी बल्लेबाजों रोरी बर्न्स (00) और जैक क्रॉली (18) को खो दिया है। डेविड मलान 9 और जो रूट 3 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और केवल 2 रनों के कुल स्कोर पर रोरी बर्न्स बिना खोले दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। इसके बाद 29 के कुल स्कोर पर जैक क्रॉली 18 रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर हेड को कैच देकर पवेलियन लौटे। इसके बाद डिनर तक तक जो रूट और मलान ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। इससे पहले आज ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी 303 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ट्रैविस हेड ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए बेहतरीन 101 रन बनाए। वहीं, कैमरन ग्रीन ने शानदार 74 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

## आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया




**किंग्स्टन (जमैका)।** जमैका के सबीना पार्क में बारिश से बाधित दूसरे सीजी इंश्योरेंस एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आयरलैंड ने गुरुवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया। आयरलैंड ने डकवर्थ लुईस (डीएलएस) नियम के चलते 21 गेंद शेष रहते वेस्टइंडीज को मात दी।

तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज में आयरलैंड दूसरा मैच जीतने के बाद एक-एक की बराबरी में आ गया है। बारिश से बाधित इस मैच में आयरलैंड ने 32.3 ओवर में पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए। हैरी टेक्टर 75 बॉल में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बना कर नाबाद रहे। एंडी मैकब्राइन ने 45 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल था।

इससे पहले आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शाई होप को 17 और जस्टिन ग्रीव्स 19 रन के साथ पहले विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की जिसके बाद होप को क्रेग यंग ने बोल्ड किया। क्रेग यंग ने जस्टिन ग्रीव्स और निकोलस पूरन को सस्ते में आउट कर पवेलियन भेज दिया।

आयरलैंड के खिलाफ पहले वनडे में वेस्टइंडीज की जीत के हीरो शर्मारह ब्रूक्स ने 64 गेंदों में 43 रनों की पारी खेली जिसमें पांच चौके शामिल थे।

वेस्ट इंडीज एक समय 33.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 111 रन बना सका था। इसके बाद रोमारियो शेफर्ड (50) और ओडियन स्मिथ (46) ने टीम को संभाला और स्मिथ ने तूफानी पारी खेलते हुए 19 गेंदों में दो चौके और पांच छक्के लगाते हुए 46 रन बनाए।

रोमारियो शेफर्ड के 41 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसमें सात चौके शामिल थे। रोमारियो शेफर्ड ने दो उपयोगी साझेदारियों कर अच्छा साथ निभाया। अकील होसेन (11) के साथ पहले रोमारियो ने आठवें विकेट के लिए 32 रन का योगदान दिया। रोमारियो और ओडियन स्मिथ ने नौवें विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की।

आयरलैड के एंडी मैकब्राइन 10-2-36-4, क्रेग यंग 8-1-42-3 और जोश लिटिल 10-1-40-2 सबसे सफल गेंदबाज रहे।

वेस्टइंडीज के 229 रनों का पीछा करते हुए आयरलैंड के विलियम पोर्टरफील्ड (26) और पॉल स्टर्लिंग (21) ने 47 रन बनाकर आयरलैंड को अच्छी शुरूआत दी। बाएं हाथ के एंडी मैकब्राइन ने चार चौकों और एक छक्के की मदद से 35 का योगदान दिया।

बारिश शुरू होने तक आयरलैड ने 31.2 ओवर में चार विकेट खोकर 157 रन बना लिए थे। उस समय हैरी टेक्टर 50 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। आयरलैंड ने 32.3 ओवर में पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए थे।

वेस्टइंडीज की ओर से अकील होसैन ने आठ ओवर में 51 रन देकर दो विकेट, रोस्टन चेस ने पांच ओवर में 19 रन देकर एक विकेट, रोमारियो शेफर्ड ने चार ओवर में 12 रन देकर एक विकेट और कायरन पोलार्ड ने तीन गेंद में चार रन देकर एक विकेट लिया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन किसी एक खिलाड़ी की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण : नडाल

**मेलबर्न।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने शनिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलियन ओपन किसी एक खिलाड़ी की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है। नडाल का यह बयान अपने प्रतिद्वंद्वी नोवाक जोकोविच को लेकर आया है, जो वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया से निर्वासन की लड़ाई लड़ रहे हैं।

मेलबर्न पार्क में सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम की शुरूआत से पहले, नडाल ने अपने प्री-इवेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "ऑस्ट्रेलियाई ओपन उनके साथ या उनके बिना भी एक शानदार टूनार्मेंट होगा।"

वर्तमान में, नौ बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच का शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई इमिग्रेशन मंत्री एलेक्स हॉक ने वीजा रद्द कर दिया था।

## एल्गर के विवादास्पद डीआरएस के बाद कोहली ने स्टंप माइक की मदद से व्यक्त की निराशा




**केपटाउन।** भारतीय कप्तान विराट कोहली और उनके साथियों ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आखिरी 45 मिनट के खेल के दौरान उस वक्त आपा खो दिया जब प्रतिद्वंद्वी कप्तान डीन एल्गर विवादास्पद डीआरएस निर्णय के कारण पवेलियन लौटने से बच गये।

दक्षिण अफ्रीकी पारी के 21वें ओवर में रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर एल्गर साफ पगबाधा लग रहे थे लेकिन रीप्ले से पता चला कि गेंद स्टंप के ऊपर से निकल रही थी।

कोहली हालांकि डीआरएस के फैसले से खुश नहीं दिखे और अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने भी इस पर नाखुशी जतायी।

भारतीय खिलाड़ियों को पता था कि स्टंप माइक में उनकी हर बातचीत रिकॉर्ड हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए इसका इस्तेमाल किया।

इस दौरान किसी भारतीय खिलाड़ी ने कहा, पूरा देश 11 खिलाड़ियों के खिलाफ है। तो वही दूसरे खिलाड़ी ने कहा, प्रसारणकर्ता यहां पैसे बनाने के लिए है।

एक और भारतीय खिलाड़ी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि माइक्रोफोन हमारी बातों को रिकॉर्ड कर रहा है।

अश्विन भी प्रसारक की बॉल-ट्रैकिंग तकनीक पर कटाक्ष करने से खुद को रोक नहीं पाए, उन्होंने कहा, सुपरस्पोर्ट आपको जीतने के बेहतर तरीके खोजने चाहिए।

इस पर कोहली ने कहा, सिर्फ विरोधी टीम पर ही नहीं, अपनी टीम पर भी ध्यान दें। हर समय लोगों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 101 रन बनाये और वह अब लक्ष्य से 111 रन पीछे है। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिनी मैचों की श्रृंखला के लिए एफी फ्लेचर की विंडीज टीम में वापसी



**सेंट जॉन्स।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) महिला चयन समिति ने 28 जनवरी से 6 फरवरी तक जोहान्सबर्ग के इंपीरियल वांडरर्स स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है।

टीम में अनुभवी लेग स्पिनर और दाएं हाथ की बल्लेबाज एफी फ्लेचर की वापसी हुई है, जो मातृत्व अवकाश से लौटी हैं। टीम में तीन अनकैप्ड खिलाड़ी भी हैं, जिनमें केसिया शुल्त्स, मैंडी मैंगरू और जेनिलिया ग्लासगो शामिल हैं। तीनों वेस्टइंडीज महिला ए टीम की सदस्य थीं, जो पिछले साल पाकिस्तान महिला ए-टीम के खिलाफ खेली थी।

सीडब्ल्यूआई के प्रमुख चयनकर्ता (महिला क्रिकेट) एन ब्राउन-जॉन ने एक बयान में कहा, " आगामी विश्व कप की तैयारियों को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला एक उपयुक्त समय पर खेली जा रही है। टीम पिछले एक साल से तैयारी कर रही है। अनुभवी एफी फ्लेचर की वापसी से गेंदबाजी में मजबूती आई है।"

**वेस्टइंडीज महिला टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका पहुंचेगी।**

वेस्टइंडीज टीमः स्टेफनी टेलर (कप्तान), अनीसा मोहम्मद (उपकप्तान), आलिया एलेने, शेमेन कैंपबेल, शमिलिया कॉनेल, डिएंड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, जेनिलिया ग्लासगो, चिनेल हेनरी, किशिया नाइट, मैंडी मैंगरू, हेले मैथ्यूज, चेडियन नेशन, करिश्मा रामहरैक, केसिया शुल्त्स, शकीरा सेलमैन, रशदा विलियम्स।

## हॉकी इंडिया ने की जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 66 खिलाड़ियों की घोषणा



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 66 खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर का आयोजन सोमवार से बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में हो रहा है। जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने कहा, "खिलाड़ियों की सूची का चयन इस साल न केवल आगामी जूनियर महिला टूनार्मेंट को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिसमें एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप दक्षिण अफ्रीका 2023 शामिल है। हम टूनार्मेंट में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजना चाहते हैं। यह शिविर हमें उन खिलाड़ियों को पहचानने में मदद करेगा जो भविष्य के लिए बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यह सभी के लिए सीखने का अवसर भी है, और हमारे लिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम उस चुनौती के लिए तैयार हैं जो हमारे सामने है।"

खिलाड़ियों का चयन हॉकी इंडिया द्वारा 2021 में स्वीकृत घरेलू जूनियर स्पधाओं के आधार पर किया गया है। शिविर का आयोजन खिलाड़ियों की मुख्य संभावित सूची का चयन करने के उद्देश्य से किया जाएगा।

**चयनित 66 खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है:**

खुशबू, प्रीति, वैष्णवी फाल्के, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, रुतुजा पिसल, आंचल साहू, अनीशा साहू, अंजलि पंवार, चंदना जे, काजल बारा, कुरमापु रम्या, मनिता, मनवीत कौर, मोनू, प्रमोदनी लाकड़ा, एसपी लिकिता, महिमा टेटे, ज्योति छेत्री, मंजू चौरसिया, नीलम, मुदुगुला भवानी, समीक्षा सक्सेना, आदिरा एस, अश्विनी कोलेकर, भरणी साथराम, देचम्मा गणपति, धापा देवी, हेमा सिंह, काजल सदाशिव अतपड़कर, कल्पना कुमारी, क्षेत्रिमायूम सोनिया देवी, संजना, माधुरी किंडो, मोमिता ओराम, नवनीत कौर, नेहा कुमारी, निधि, पलक, प्रियंका, शाया कावेरम्मा बा, शैल कुमारी गुप्ता, अंजना डुंगडुंग, स्वर्णिका रावत, तेजस्विनी डीएन, विनम्रता यादव, वैशाली शर्मा, प्रियंका यादव, ज्योति एडुला, ज्योति सिंह, मैरी कंदुलाना, तरनप्रीत कौर, निकिता टोप्पो, संस्कृति सरवन, निशि यादव, हिना बानो, रनजी केरकेट्टा, रुचिका उपाध्याय, दीपिका सोरेंग, कंचन निधि केरकेट्टा, नीरज राणा, अंजलि गौतम, ऋतिका सिंह, सोनिया कुमरे और भूमिक्षा साहू।

## मोहन बागान और बेंगलुरु एफसी के बीच आज होने वाला मैच स्थगित

**गोवा।** हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने एटीके मोहन बागान और बेंगलुरु एफसी के बीच शनिवार, 15 जनवरी, 2022 को पीजेएन स्टेडियम, फतोर्डा में खेले जाने वाले मैच को स्थगित कर दिया है। लीग ने एक बयान में कहा, ह्लप्रत्येक मैच का मूल्यांकन कई कारकों पर किया जाता है जिसमें एक टीम को मैदान में उतारने के लिए क्लबों की क्षमता, कोविड-19 के प्रकोप की गंभीरता और क्लब कर्मियों की सुरक्षित रूप से मैच की तैयारी करने की योग्यता शामिल है ह्व बयान में आगे कहा गया, ह्लविभिन्न जैव सुरक्षित वातावरण में सभी कर्मियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता बनी हुई है, हम लीग और क्लब स्थिति की निगरानी करते हुए, उसके अनुसार कार्य करना जारी रखेंगे ह्व बता दें कि 8 जनवरी को एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) का खिलाड़ी कोरोना संक्रमित हुआ था, जिसके और बेंगलुरू एफसी के कुछ खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित हुए हैं। हालांकि संक्रमित हुआ था, जिसके बाद एटीके मोहन बागान और ओडीशा एफसी के बीच खेले जाने वाले मैच को भी स्थगित कर दिया गया था।

## भारत की नजरें पांचवें अंडर 19 विश्व कप खिताब और नयी प्रतिभाओं पर



**जॉर्जटाउन।** रिकॉर्ड चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को अंडर 19 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजरें अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए नयी प्रतिभाओं को तलाशने पर लगी होंगी।

हरनूर सिंह, राजवर्धन हंगरगेकर, कप्तान यश धुल और रवि कुमार से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक पिछले टूनार्मेंटों में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं।

भारतीय टीम एशिया कप जीतने के बाद यहां पहुंची है और अभ्यास मैचों में वेस्टइंडीज तथा आस्ट्रेलिया को हराया। टूनार्मेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम रही भारतीय टीम पिछले तीन सत्रों में फाइनल में पहुंची।

दो साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ फाइनल में हारी भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी सीनियर टीम तक नहीं पहुंचा। अब देखना यह है कि क्या 2022 की अंडर 19 टीम में से कोई यह कमाल कर सकता है। मौजूदा टीम में पृथ्वी साव और शुभमन गिल ( 2018 बैच ) जैसी प्रतिभायें नहीं है लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने ध्यान खींचा है।

जालंधर में जन्मे बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज हरनूर से काफी उम्मीदें है। पिछली बार यशस्वी जायसवाल ने इस टूनार्मेंट में काफी रन बनाये थे। हरनूर ने एशिया कप में पांच मैचों में 251 रन बनाये और आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जनवरी को अभ्यास मैच में नाबाद 100 रन की पारी खेली।

दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हंगरगेकर महाराष्ट्र के लिये सीनियर क्रिकेट खेल चुके हैं। एशिया कप में उन्होंने अपनी गति से प्रभावित किया और आठ विकेट लिये। बायें हाथ के तेज गेंदबाज रवि कुमार ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार विकेट चटकाये थे।

कप्तान धुल दिल्ली क्रिकेट में काफी प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। एशिया कप में वह कोई कमाल नहीं कर सके लेकिन यहां दोनों अभ्यास मैचों में अर्धशतक जमाये। हरफनमौला राज बावा दाहिने हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज और खब्बू बल्लेबाज हैं जो टीम के काफी उपयोगी सदस्य हैं।

मुख्य कोच रिषिकेश कानिटकर ने कहा, भारत का इस टूनार्मेंट में गौरवशाली इतिहास रहा है लेकिन वह बीती बात है। हमें नये सरे से नयी टीम के साथ शुरूआत करनी है।

भारत को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, आयरलैंड और युगांडा के साथ रखा गया है।शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच इस ग्रुप का सबसे कठिन मैच होगा। दक्षिण अफ्रीका ने 2014 में खिताब जीता लेकिन दो साल पहले क्वार्टर फाइनल में हार गई।

उसके पास डेवाल्ड ब्रेविस जैसा हरफनमौला है जिसने सीएसए प्रोविंशियल टी20 नॉकआउट टूनार्मेंट खेला। उसकी तुलना एबी डिविलियर्स से की जाती है।

**टीमें :**

**भारत :** यश धुल ( कप्तान ), हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, एस के रशीद, निशांत सिंधू, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, दिनेश बाना, आराध्य यादव, राज अंगद बावा, मानव पारख, कुशाल ताम्बे, राजवर्धन हंगरगेकर, वासु वत्स, विकी ओस्तवाल, रवि कुमार, गर्व सांगवान।

**दक्षिण अफ्रीका :** जॉर्ज वान हीर्डेन ( कप्तान ), लियाम एल्डेर, मैथ्यू बोस्ट, डेवाल्ड ब्रेविस, माइकल कोपलैंड, एथान कनिंघम, वेलेंटाइन किटिमे, वेना मफाका, गेरहार्ड मारी, फाइवे मयांडा, एंडिले सिमेलेन, जेड स्मिथ, काडेन सोलोमंस, जोशुआ स्टीफेंसन, असाखे तशाका।

# अमेरिकाः कैपिटल हिंसा की जांच कर रही समिति ने ट्विटर, मेटा समेत कई बड़ी कंपनियों को समन भेजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पिछले साल छह जनवरी को कैपिटल (संसद भवन) में हुई हिंसा मामले की जांच कर रही प्रतिनिधि सभा की एक समिति ने ट्विटर, मेटा, रेडिट और यूट्यूब को समन जारी किए हैं।

समिति ने कुछ महीने पहले एक दर्जन से अधिक सोशल नेटवर्किंग साइट से दस्तावेजों का अनुरोध किया था लेकिन सांसदों ने कहा कि कंपनियों के प्रारंभिक जवाब अपर्याप्त थे, जिसके बाद ये समन जारी किए गए हैं।

समिति के अध्यक्ष बेनी थॉम्पसन ने बृहस्पतिवार को कंपनियों से 2020 के चुनाव के बारे में गलत सूचना फैलाने में उनकी कथित भूमिका और घरेलू हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा देने, जिससे परिणामस्वरूप छह जनवरी, 2021 को हिंसा हुई, से संबंधित रिकॉर्ड की मांग की।




थॉम्पसन, डी-मिस, ने पत्र में कहा, प्रवर समिति के सामने दो प्रमुख प्रश्न हैं कि गलत सूचना के प्रसार और हिंसक उग्रवाद ने हमारे लोकतंत्र पर हमले में कैसे योगदान दिया और सोशल मीडिया कंपनियों ने अपने मंच को लोगों को हिंसा के लिए उकसाने का आधार बनने से रोकने के लिए क्या कोई कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक है कि महीनों की प्रक्रिया के बाद कंपनियों ने स्वेच्छा से आवश्यक जानकारी और दस्तावेज नहीं दिए जो सांसदों को उनकी जांच के दौरान आए सवालों का जवाब देने में मदद करते।

अपने पत्र में थॉम्पसन ने उन तरीकों का जिक्र किया है कि किस प्रकार से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थकों और धुर-दक्षिणपंथी समूहों की घातक हिंसा में इन कंपनियों की मिलीभगत रही है।

पत्र में कहा गया है कि अल्फाबेट के स्वामित्व वाला यूट्यूब वह मंच था,

जहां संसद की घेराबंदी और इसे मूर्त रूप देने की साजिश का प्रसार हुआ।

समिति ने कहा कि कैसे मेटा, जिसे पहले फेसबुक के नाम से जाना जाता था, का इस्तेमाल कथित तौर पर लोगों के बीच घृणा, हिंसक और उकसाने वाले संदेशों के आदान-प्रदान के साथ-साथ गलत सूचना फैलाने के लिए किया गया था।

पत्र में बताया गया है कि ट्विटर को संभावित हिंसा के बारे में चेतावनी दी गई थी कि उसके मंच पर संभावित हिंसा की साजिश रची जा रही है और कैसे इसके उपभोक्ता चुनाव में धोखाधड़ी के पूर्व राष्ट्रपति के आरोपों को बढ़ावा देने वाले संदेशों के प्रसार में लगे हुए थे।

# अमेरिकी उद्योगों के कर्मियों के लिए कोविड-19 टीका नियम पर उच्चतम न्यायालय ने रोक लगाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के संक्रमण रोधी टीकाकरण अभियान को बढ़ाने संबंधी एक अहम कदम पर रोक लगा दी है। इस कदम के तहत बड़े उद्योगों के कर्मियों को टीका लगवाना अथवा नियमित तौर पर जांच कराना और काम के दौरान मास्क लगाना अनिवार्य किया गया था।

इसके इतर न्यायालय बाइडन प्रशासन को देश के अधिकतर स्वास्थ्यकर्मियों के लिए टीका अनिवार्य करने की दिशा में आगे बढ़ने को मंजूरी दे रहा है। न्यायालय ने बृहस्पतिवार को यह आदेश ऐसे वक्त में दिया जब देश में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले बेतहाशा बढ़ रहे हैं।

न्यायालय में रुढ़िवादी बहुमत ने कहा कि प्रशासन ने सौ से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रशासन (ओएसएचए) के टीकाकरण अथवा जांच का नियम लागू करने की कोशिश करके अपने अधिकारों से बढ़कर काम किया है। रुढ़िवादियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ओएसएचए ने कभी इस तरह का नियम अनिवार्य नहीं किया, और न ही कांग्रेस ने । बल्कि कांग्रेस ने महामारी को रोकने के लिए अहम कानून लागू किया, इसने ऐसे किसी भी कदम को लागू करने से इनकार किया जो ओएसएचए के यहां वर्णित नियम के समान हों।

इसके उलट न्यायालय में तीन उदारवादियों ने तर्क दिया कि अदालत अपने फैसले के जरिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह को दरकिनार कर रही है।

# माली की सेना को लोकतंत्र बहाली की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए : संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने माली के सैन्य नेताओं से देश में लोकतंत्र बहाली की दिशा में कदम बढ़ाने में तेजी लाने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने माली की सेना की अगले महीने के चुनावों को 2026 तक टालने की हालिया घोषणा पर अत्यंत चिंता व्यक्त की है।



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरेस ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, यह नितांत आवश्यक है कि चुनाव के दृष्टिकोण से माली सरकार एक स्वीकार्य तिथि बताए। गुतेरेस ने कहा कि उन्होंने चुनाव में देरी को लेकर घाना, सेनेगल और नाइजीरिया के राष्ट्रपतियों, अल्जीरिया के विदेश मंत्री और अफ्रीकी संघ आयोग के अध्यक्ष मूसा फकी महामत से बात की और माली की सरकार से जल्द संपर्क करने की उम्मीद जताई।

घाना पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्रीय खंड इकोवास का प्रमुख है, जिसने माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता की चुनाव में देरी की घोषणा के जवाब में रविवार को माली पर नए प्रतिबंध लगाए, अधिकांश वाणिज्य और वित्तीय सहायता को निलंबित कर दिया और इकोवास के अन्य सदस्यों के साथ भूमि एवं हवाई सीमाओं को बंद कर दिया। घाना ने खंड के अतिरिक्त बल को भी तैयार रहने का निर्देश देते हुए कहा, किसी भी घटना के लिए तैयार रहना होगा।

गुतेरेस ने कहा कि वह इकोवास और अफ्रीकी संघ (एयू) के साथ काम कर रहे हैं। माली में 2012 से इस्लामी चरमपंथी विद्रोह को रोकने के लिए संघर्ष जारी है। चरमपंथी विद्रोहियों को फ्रांसीसी नेतृत्व वाले सैन्य अभियान की मदद से माली के उत्तरी शहरों में सत्ता से हटने के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन वे रेगिस्तान में फिर से इकट्ठा हो गए और माली की सेना एवं उसके सहयोगियों पर हमले शुरू कर दिए। आम नागरिकों और संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमलों से असुरक्षा और बढ़ गई है।

अगस्त 2020 में माली के राष्ट्रपति बाउबकर इब्राहिम कीता को तख्तापलट कर हटा दिया गया था, जिसमें सेना के तत्कालीन कर्नल गोइता भी शामिल थे। पिछले जून में गोइता ने नौ महीने में दूसरी बार तख्तापलट करने के बाद एक संक्रमणकालीन सरकार के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

सैन्य शासन शुरू में फरवरी के अंत में नया चुनाव कराने के लिए सहमत हुआ था, लेकिन इस महीने की शुरूआत में सैन्य नेतृत्व ने कहा कि देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना के कारण 2026 तक चुनाव को टाला जाता है, जिससे गोइता चार साल और सत्ता में बने रहेंगे।

गोइता ने इकोवास से प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया और कहा कि वह क्षेत्रीय खंड के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं। गुतेरेस ने उल्लेख किया कि इकोवास ने कहा है कि यदि माली की सरकार चुनाव के लिए स्वीकार्य तारीखों की घोषणा करती है और उस दिशा में कदम आगे बढ़ाती है तो उस पर लगे प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटाया जा सकता है।

# यौन उत्पीड़न मामलों की जांच सार्वजनिक करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**सिएटल।** माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि वह यौन उत्पीड़न और लैंगिक भेदभाव से जुड़ी अपनी नीतियों की समीक्षा करेगा और निदेशक मंडल के सदस्यों तथा बिल गेट्स सहित वरिष्ठ अधिकारियों से जुड़े आरोपों की जांच के परिणामों को सार्वजनिक करेगा।

एक समाचार पत्र ने अपनी एक खबर में बृहस्पतिवार को कहा कि बोर्ड ने कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट समीक्षा के लिए तीसरा पक्ष (थर्ड-पार्टी) विधि कंपनी की सेवाएं लेगा जो कंपनी के कामकाज को देखेगी साथ ही अन्य कंपनियों की ऐसी ही नीतियां को परखेगी और उन कदमों को भी देखेगी जो माइक्रोसॉफ्ट ने कर्मचारियों तथा कार्यकारियों को जवाबदेह ठहराने के लिए उठाए हैं।




समीक्षा को सार्वजनिक रिपोर्ट में जारी किया जाएगा,जिनमें यौन उत्पीड़न के कितने मामलों की जांच की गई और कितनों का समाधान किया गया,आदि का लेखा जोखा होगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अध्यक्ष सत्य नडेला ने एक बयान में कहा,ह्यह्य हम बस रिपोर्ट की समीक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, बल्कि मूल्यांकन से सीख भी रहे हैं, ताकि हम अपने कर्मचारियों के अनुभवों को बेहतर बनाना जारी रख सकें।

यह रिपोर्ट एक अंशधारक प्रस्ताव पर आधारित है, जो 2021 में पारित हुआ था। इस प्रस्ताव में यौन उत्पीड़न के दावों के आलोक में कंपनी की कार्यस्थल यौन उत्पीड़न नीतियों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट की मांग की गई थी, जिसमें यह आरोप भी शामिल है कि गेट्स ने कर्मचारियों से अनुचित संबंध की मांग की थी।

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की कुर्सी छिनने का खतरा, भारतीय मूल के सुनक पीएम बनने की रेस में

**लंदन।** लॉकडाउन के दौरान सरकारी आवास पर पार्टी करने पर विरोधियों के निशाने पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की कुर्सी जाने का खतरा मंडराने लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक यह पार्टी 17 अक्टूबर, 2021 को हुई थी जिसमें शामिल करीब 30 लोगों ने शराब पी थी और म्युजिक पर डांस किया था। जिस समय पार्टी हुई, तब पूरे ब्रिटेन में घर में या किसी भी परिसर में भीड़ वाले आयोजन पर रोक लगी हुई थी। इस पार्टी की चर्चा इसलिए भी गर्म है क्योंकि उसका आयोजन ड्यूक आफ एडिनबर्ग प्रिंस फिलिप के अंतिम संस्कार से पहले की रात में हुआ था। यह वह समय था जब पूरा किंगडम शोक में डूबा हुआ था और ब्रिटेन का शाही परिवार भी लॉकडाउन के नियमों का पालन कर रहा था। यहां तक कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय भी शारीरिक दूरी के नियम का पालन करते हुए अपने पति के अंतिम संस्कार के मौके पर सबसे अलग अकेले बैठी थीं। ऐसे शोक के माहौल में आवास में पार्टी होने से जानसन नैतिकता के सवालों से भी जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास में लॉकडाउन के दौरान एक पार्टी और भी हुई थी। मामला उछलने के बाद प्रधानमंत्री के पूर्व संपर्क निदेशक जेम्स स्लैक ने पार्टी के आयोजन की जिम्मेदारी लेते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। स्लैक अब द सन अखबार के उप प्रधान संपादक हैं। हालांकि दोनों पार्टियों में प्रधानमंत्री जानसन शामिल नहीं हुए थे। वह उस दौरान बकिंघमशायर के कंट्री एस्टेट चेकर्स में समय बिता रहे थे। कुछ लोग उनके वहां जाने पर भी सवाल उठा रहे हैं। सरकार के मंत्री भी सर्वोच्च अधिकारी सू ग्रे से मामले की जांच कराए जाने पर जोर दे रहे हैं। इन सबके बीच सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी और सरकार में जानसन के नेतृत्व को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पार्टी के कई सांसद भी इस मुद्दे पर जानसन का इस्तीफा मांग रहे हैं। ब्रिटेन में प्रधानमंत्री जानसन के इस्तीफे की मांग के जोर पकड़ने के साथ ही भारतीय मूल के वित्त मंत्री ऋषि सुनक के उनका स्थान लेने की संभावना भी मजबूत हो रही है। यूरोपीय यूनियन से अलगाव के बाद और कोरोना संक्रमण काल में सुनक ने जिस प्रकार से ब्रिटेन के हितों की रक्षा की है उससे सरकार और कंजरवेटिव पार्टी में उनका कद बढ़ा है। वह जानसन के विश्वासपात्र और गैर विवादित छवि वाले राजनीतिक व्यक्ति हैं। ज्ञात रहे कि सुनक भारत की दिग्गज आइटी कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद हैं।



## दक्षिण अफ्रीका ने स्वदेश निर्मित पहले उपग्रह समूह का प्रक्षेपण किया

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने अफ्रीका महाद्वीप में निर्मित पहले उपग्रह समूह का प्रक्षेपण किया। देश के विज्ञान एवं नवोन्मेष मंत्री ब्लाड जिमान्दे ने इस कदम को मील का पत्थर करार दिया है।

देश के पहले मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस सैटेलाइट (एमडीएसैट) समूह के तहत स्थानीय स्तर पर निर्मित तीन छोटे उपग्रहों को बृहस्पतिवार को अमेरिका में केप कैनवेरल से प्रक्षेपित किया गया था। इसे अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स के ट्रांसपोर्टर-3 मिशन के हिस्से के रूप में प्रक्षेपित किया गया।

ट्रांसपोर्टर-3, स्पेसएक्स का तीसरा समर्पित अभियान है जो विभिन्न संगठनों और सरकारों के कुल 105 अंतरिक्ष यान ले गया, इनमें क्यूबसैट, माइक्रोसेट, पॉकेटक्यूब्स और ऑर्बिटल ट्रांसफर वाहन शामिल हैं।

# ब्रिटेन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट के स्टाफ पर पार्टी कर कोरोना नियम तोड़ने का आरोप

**लंदन।** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के बाद अब 10 डाउनिंग स्ट्रीट के कर्मचारियों पर कोरोना नियम तोड़ने का आरोप लगा है। जहां उन पर ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग के अंतिम संस्कार की पूर्व संध्या पर दो पार्टियां करने का आरोप है। बीबीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्टों के अनुसार दोनों पाटियों में लगभग 30 लोग शामिल थे और जमकर शराब परोसी गयी और जो तड़के तक चलता रहा। प्रधानमंत्री जॉनसन हालांकि किसी भी पार्टी में उपस्थित नहीं थे क्योंकि वह सप्ताहांत चेकर्स में अपना समय बिता रहे थे।

नए खुलासे में बताया गया कि श्री जॉनसन को इससे पहले लॉकडाउन के दौरान डाउनिंग स्ट्रीट गार्डन में एक शराब की पार्टी में शामिल होने पर अपनी ही पार्टी के गुस्से का सामना करना पड़ा।

लेबर पार्टी के उप नेता एंजेला रेनर ने कहा कि 10 डाउनिंग स्ट्रीट के अंदर संस्कृति और व्यवहार बिल्कुल नहीं है।

उन्होंने कहा कि 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने यह पुष्टि की है कि यह कार्यक्रम 16 अप्रैल, 2021 को हुआ था, जिसमें श्री जॉनसन के पूर्व संचार निदेशक, जेम्स स्लैक ने द सन के उप संपादक के रूप में एक नई भूमिका लेने से पहले सहयोगियों को धन्यवाद देने के लिए विदाई भाषण दिया था। श्री स्लैक की विदाई पार्टी प्रधानमंत्री के निजी फोटोग्राफरों में से एक के 10 बेसमेंट में हुई थी।

ऐसा कहा जाता है कि दोनों पार्टी 10 नंबर के बगीचे में एक साथ हुई और आधी रात तक चली। उस समय कोरोना नियमों के चलते किसी तरह के समारोह करने पर पाबंदी थी और लोगों को सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए मानक संचालन नियम का पालन करने की हिदायद थी।

## जापान की पूर्व प्रधानमंत्री तोशिकी काइफू नहीं रहे

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री तोशिकी काइफू का निधन हो गया है। वह 91 वर्ष के थे। जापानी सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने शुक्रवार को सूचना दी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार श्री काइफू का निधन इस माह 09 जनवरी (रविवार) को हुआ था। श्री काइफू के कार्यकाल को खाड़ी युद्ध के बाद, जापानी आत्मरक्षा बल को खाड़ी क्षेत्र में माइनस्वीपिंग ऑपरेशन करने के लिए जाना जाता था। उन्हें पहली बार जापान के सेल्फ डिफेंस फोर्स को किसी विदेशी मिशन पर भेजने के लिए जाना जाता था।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**211019 से प्रकाशित**
**स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**Title UPHIN 29506**

## अफगान महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र का साथ, महासचिव ने जताई चिंता

**न्यूयार्क।** समान अधिकारों के लिए संघर्षरत अफगानिस्तान की महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र का साथ मिला है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतेरेस ने उनके साथ हो रहे अन्याय को लेकर चिंता जताई है। इससे अफगानिस्तान में चल रहे महिलाओं के आंदोलन को मानसिक संबल मिलने की उम्मीद है।

अफगानिस्तान में महिलाएं नौकरियों एवं समाज में समान अधिकार को लेकर संघर्षरत हैं। वे लगातार काबुल की सड़कों पर प्रदर्शन भी कर रही हैं। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतेरेस ने ट्वीट कर उनके हालातों पर चिंता जाहिर की। गुतेरेस ने अपने ट्वीट में लिखा कि अफगानिस्तान में कार्यालयों और विद्यालयों की कक्षाओं से महिलाएं एवं छात्राएं गायब हैं। कोई भी देश आधी आबादी की उपेक्षा करते हुए आगे नहीं बढ़ सकता है। अफगानिस्तान की महिलाओं को रोजगार के अधिकारों की वकालत करते हुए उन्होंने लिखा कि छात्राओं को शिक्षा के पूर्ण अवसर मिलने चाहिए। साथ ही उन्होंने महिलाओं एवं छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं में भी समानता के अधिकार की बात कही।

इससे पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासचिव अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति को लेकर चिंता एवं आक्रोश व्यक्त कर चुके हैं। पूरी दुनिया इस मसले पर अफगानिस्तान पर शासन कर रहे तालिबान प्रशासन को अपनी चिंताओं से अवगत करा चुकी है। यूरोपीय देशों समेत 20 से अधिक देशों ने एक संयुक्त बयान में अफगानी महिलाओं के मानवाधिकारों के संरक्षण और उनकी स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की बात भी कही है। इन सबके बावजूद अफगानी महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर संघर्षरत हैं। महिलाओं का कहना है कि उन्हें नौकरियों से हाथ धोने पड़े हैं और सामाजिक स्तर पर उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है।

# यूक्रेन पर साइबर हमला, रूस पर लगा आरोप

**कीव।** यूक्रेन के मसले पर उत्तर अटलांटिक सहयोग संगठन (नाटो) और रूस के बीच वार्ता की सहमति के बाद यूक्रेन पर एक बड़ा साइबर हमला हुआ है। इस कारण देश की अनेक सरकारी वेबसाइट्स बंद हो गयी हैं। यूक्रेन ने इस साइबर हमले के पीछे रूस का हाथ होने की आशंका जताने के साथ ही नागरिकों को सचेत किया है कि इससे भी बड़ा खतरा सामने आ सकता है। यूक्रेन पर हुए इस साइबर हमले से सरकारी कामकाज पर सीधा असर पड़ा है। यूक्रेन सरकार से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस साइबर हमले में रूस का हाथ हो सकता है। उक्त अधिकारी ने कहा कि रूसी हैकर्स ने विदेश मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट सहित 70 से अधिक सरकारी वेबसाइट्स पर हमला बोला और देश के साइबर कामकाज को प्रभावित किया। विदेश मंत्रालय के अलावा कई कैबिनेट मंत्री, आंतरिक सुरक्षा व रक्षा परिषद समेत कई सरकारी निकाय इस साइबर हमले का शिकार बने। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमले में कम्प्यूटरों का सारा डेटा नष्ट हो गया है। हमला इस कदर गंभीर था कि नष्ट हुए डेटा को पुनः जुटाना लगभग असंभव है। इस बीच यूक्रेन पर हुए इस साइबर हमले के बाद एक बार फिर नाटो की सक्रियता बढ़ी है। नाटो ने कहा है कि यूक्रेन को लेकर रूस व पश्चिमी देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। इन स्थितियों में इस हमले को देखते हुए यूक्रेन के साथ साइबर सहयोग को और मजबूती प्रदान करने की जरूरत है।



# पाकिस्तान ने जारी की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति, कश्मीर और हिंदुत्व के मुद्दे को उठाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को वर्ष 2022-2026 के लिए देश की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति (नेशनल सिक्यूरिटी पॉलिसी आफ पाकिस्तान) जारी किया है। प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा इस नीति को जारी करते हुए एक बार फिर से पाकिस्तान ने कश्मीर के साथ हिंदुत्व का मुद्दा उठाया है। पाकिस्तान की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति से साफ है कि वह भारत के साथ रिश्तों में सुधार के बजाय और तल्खियों के साथ दूरियां भी बढ़ सकता है। नई सुरक्षा नीति में पाकिस्तान ने कहा कि वह दूसरे पड़ोसी देशों की तरह भारत के साथ भी रिश्तों को सुधारना चाहता है। लेकिन इस दिशा में जम्मू-कश्मीर मुद्दे का न्यायपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से समाधान इसका सबसे बड़ा पहलू बना हुआ है। पड़ोसी देश ने कहा कि भारत में हिंदुत्व आधारित राजनीति काफी चिंता की बात है और यह पाकिस्तान की सुरक्षा को प्रभावित करती है। पाकिस्तान को लेकर आक्रामकता को राजनीतिक मुद्दे के तौर पर अपनाने से हमारी पूर्वी सीमा पर एक नया खतरा पैदा हो गया है। इसके साथ ही भारत तेजी से हथियार जमा कर रहा है और आधुनिक तकनीक से भी सुसज्जित हो रहा है जो पाकिस्तान के लिए चिंता का कारण है। नई नीति में इसे क्षेत्रीय स्थायित्व के लिए भी खतरा बताया गया है। पाकिस्तान ने यह आरोप भी लगाया है कि भारत उसके बारे में भ्रामक प्रचार में जुटा है। अंत में कहा गया है कि पाकिस्तान भारत के साथ अपने सारे मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है, लेकिन भारत का मौजूदा रवैया इसकी राह में एक बड़ी बाधा है। जम्मू-कश्मीर को लेकर अलग से नीति का अलग से उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इस मुद्दे का न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण समाधान पाकिस्तान के राष्ट्रीय हित में है, लेकिन ऐसा नहीं होने का पूरा ठीकरा भारत पर फोड़ा गया है। मालूम हो कि यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान ने भारत में हिंदुत्व की बात को मुद्दा बनाने की कोशिश की है।